CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 131 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 03 जून, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

### एस- 400 मिसाइल प्रणाली ने किया था पाकिस्तान की चौकियों को तबाह

## भारत बनेगा और शक्तिशाली : रूस से 2026 तक मिलेंगी बाकी एस-400 मिसाइल प्रणाली

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** रूस 2025-26 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की शेष दो इकाइयों की आपूर्ति कर दी जाएगी। रूस के भारत में मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि हाल ही में भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान इस प्रणाली ने 'बहुत कुशलता से' काम किया। बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का भी संकेत दिया। बाबुश्किन ने कहा कि हम जो अनुभव कर रहे हैं, यूरोप और यहां की स्थिति के अनुसार वायु रक्षा प्रणाली, सामान्य तौर पर रक्षा तैयारी में हमारी साझेदारी के लिए यह एक आशाजनक विषय है। शेष दो एस-400 इकाइयों की आपूर्ति घोषित समयसीमा के अनुरूप 2025-26 तक पूरी होने की उम्मीद है। रक्षा सहयोग के संभावित विस्तार पर बाबुश्किन ने कहा कि हम वायु रक्षा प्रणालियों पर बातचीत के विस्तार को लेकर उत्साहित हैं। बता दें कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के साथ हालिया तनाव के दौरान भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम' से निशाना बनाया था। एस-400 से सफलतापूर्वक सभी टारगेट्स को तबाह कर दिया था।



### ड्रोन के खतरों से निपटने में हम माहिर

ड्रोन के बढ़ते खतरे पर बाबुश्किन ने कहा कि ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने में रूस माहिर है। हम पहले से ही कई वर्षों से इस खतरे का सामना कर रहे हैं, और हमारे सिस्टम का लगातार आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों का संयुक्त हित होगा कि इस खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए और कुछ अन्य सहयोग को कैसे बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि एंटी-ड्रोन सिस्टम पहले से ही चल रहे भारत-रूस रक्षा संवाद का हिस्सा हैं। काबिले गौर है कि भारत ने 2018 में रूस के साथ एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन के लिए 5.43 अरब डॉलर का सौदा किया था। यह एक अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणाली है जो लंबी दूरी पर कई हवाई खतरों से निपटने में सक्षम है। तीन स्क्वाड्रन पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। यह किसी भी संभावित खतरे को हवा में ही तबाह करने में सक्षम है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है।

### जयपुर टाउन हॉल विवादः

## सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, हाईकोर्ट के फैसले पर रोक से इंकार

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली(एजेंसी.)।।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जयपुर के पूर्व राजघराने की पद्मिनी देवी और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर राजस्थान सरकार को नोटिस जारी किया, लेकिन राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले पर न तो कोई स्थगन आदेश जारी किया और न ही यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। यह मामला जयपुर के ऐतिहासिक टाउन हॉल जिसे पहले पुरानी विधानसभा के रूप में जाना जाता था उससे संबंधित है, जो कि राजस्थान सरकार और जयपुर के शाही परिवार के बीच विवाद का केंद्र बना हुआ है। यह मामला न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध था। सुनवाई के दौरान पीठ ने टिप्पणी की कि यह एक महत्वपूर्ण विधिक प्रश्न है, जिसे हम तय करेंगे। हालांकि, पीठ ने 17 अप्रैल 2025 के राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने या स्थिति यथावत बनाए रखने की मांग को अस्वीकार कर दिया। राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने प्रस्तुतियों में कहा कि स्थगन याचिका पर सुनवाई राज्य की ओर से उत्तर प्रस्तुत किए जाने के बाद ही की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में मामले की लंबितता का सम्मान करेगी। न्यायालय ने इस आश्वासन को संज्ञान में लेते हुए अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने पक्ष रखा। उन्होंने तर्क दिया कि यह विवाद एक निजी संपत्ति के स्वामित्व और नागरिक अधिकारों से जुड़ा है, जिसे 1949 में भारत सरकार और जयपुर के शासक के बीच हुए करार (कवेनेंट) के तहत केवल सरकारी कार्यों के लिए राज्य को सौंपा गया था। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि अब विधानसभा किसी अन्य भवन में स्थानांतरित हो चुकी है, ऐसे में यदि सरकार इस संपत्ति का उपयोग किसी अन्य उद्देश्य, विशेषकर व्यावसायिक या पर्यटन के लिए करती है, तो यह करार की शर्तों का उल्लंघन है। इसके जवाब में अतिरिक्त महाधिवक्ता शर्मा ने कहा कि यह विवाद पूर्व-संविधानकालीन करारों से संबंधित है, जिन पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 363 के अंतर्गत अदालतों का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय की ओर से शाही परिवार की याचिकाओं को खारिज करना पूर्णतः उचित था। यह विवाद वर्ष 1949 में महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय और भारत सरकार के बीच हुए एक करार से जुड़ा है। इस करार के तहत कुछ संपत्तियां शासक परिवार के पास निजी स्वामित्व में बनी रहीं, जबकि अन्य को केवल सरकारी उपयोग के लिए राज्य सरकार को सौंपा गया था।

## बेजोड़ प्रशासनिक क्षमता के धनी राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक का निधन

### प्रशासनिक हलके में छाया गहरा शोक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कैडर के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी व अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) आलोक का सोमवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। पिछले कुछ समय से आलोक का दिल्ली में ईलाज चल रहा था। उनके निधन के उपरांत दिल्ली स्थित निवास स्थान पर भारतीय प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा व अन्य विशिष्ट सेवाओं के अधिकारियों सहित राज्य सरकार के दिल्ली स्थित राजकीय कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तरफ से मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल और प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता ने आलोक के पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित किया। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर, मुख्य सचिव और नई दिल्ली में राजस्थान सरकार के मुख्य आवासीय आयुक्त सुधांश पंत, आई. ए. एस. अखिल अरोड़ा, आनंद कुमार, भास्कर सावंत, अपर्णा अरोड़ा सहित बहुतायत संख्या में भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों सहित अन्य



विशिष्ट लोगों ने लोधी रोड स्थित शवदाह गृह पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और आलोक की अंत्येष्टी में सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त भारत सरकार में पदस्थापित आई.ए.एस. अधिकारी तन्मय कुमार, नरेश पाल गंगवार, रोली सिंह, राज्य के पूर्व मंत्री युनुस खान और सेवानिवृत अधिकारियों सुनील अरोड़ा, श्रीमत पांडेय इत्यादि ने भी उनकी देह पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि आलोक वर्तमान में उर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और दिल्ली में प्रमुख आवासीय आयुक्त के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। इसके अतिरिक्त आलोक ने केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और प्राधिकरणों सहित सहित राज्य सरकार के महत्वपूर्ण विभागों में अपनी सेवाएं दी हैं।

#### बीकानेर हाउस में आज होगी श्रद्धांजलि सभा

आलोक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मंगलवार को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में सांय 6 बजे से 7 बजे तक एक श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया जाएगा।

#### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आलोक के निधन पर जताया शोक

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में उनकी सेवा कार्मिकों के लिए प्रेरणास्रोत रही है। मुख्यमंत्री शर्मा ने दिवंगत पुण्यात्मा को अपने परम धाम में स्थान देने व शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

#### राज्यपाल की शोक संवेदना

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा को शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

#### जयपुर टाइम्स के संपादक ने जताई संवेदना

आलोक ! एक ऐसा लोक जो हमेशा खुश नजर आता था, नित नई सुबह ऊर्जा के साथ कार्य को गति प्रदान करता था, सुचिता के साथ अपने दायित्व को भली भांति जानता था। दायित्व से भी कहीं दो कदम आगे बढ़कर प्रदेश को सकारात्मक प्रेरणा देता था। आज वह आलोक भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी ओर से बताए गए मार्ग, दिशा निर्देश और कर्तव्य पथ हमें उनकी याद दिलाता रहेगा। सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की जीती जागती मिसाल बने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर रहने के बावजूद न उन्हे कोई घमंड था और न सियासतगर्दो का कोई खौफ उनके चेहरे पर कभी नजर आया। व्यस्त कार्य के बावजूद फोन अटेंड कर सादगी से जवाब देने में आलोक का कोई सानी नहीं था। यह कहना है जयपुर टाइम्स अखबार के प्रधान संपादक रामेश्वर लाल जाट का। आलोक से मेरे निजी संबंध थे जो काफ़ी प्रगाढ़ रहे। दिल्ली में जब भी जाना होता था तो बडी आत्मीयता से आलोक मिलते थे। ऐसी शख्शियत को बारंबार नमन।

## *आधे राजस्थान में होगा अंधड़-बारिश और वज्रपात!, अलर्ट जारी*



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में मानसून दस्तक दे रही है। हालांकि इससे पहले पश्चिमी विक्षोभ से प्रदेश में आधे से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश और वज्रपात की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे जम्मू के ऊपर समुद्र तल से 3.1 किमी और 7.6 किमी ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने बताया है कि इसके प्रभाव से राजस्थान के अधिकांश भागों में 2 से 4 जून के दौरान तेज आंधी-बारिश होने की प्रबल संभावना है। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 17 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 13 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बताया जा रहा है कि 3 जून को राज्य के 75 प्रतिशत भागों में आंधी और बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसके साथ ही 5 जून तक अलग-अलग क्षेत्रों में आंधी-तूफान और बारिश की गतिविधियां जारी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 2 से 5 जून के बीच बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर, जोधपुर संभाग में तेज मेघगर्जन, 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी के साथ तेज बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसके साथ ही 2-4 जून के दौरान बीकानेर, अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं वज्रपात और एक दो स्थानों पर भारी बारिश होने की भी संभावना है। हालांकि मौसम विभाग ने बताया है कि आंधी बारिश की गतिविधियों में 5 जून से गिरावट दर्ज होने और बीकानेर, जयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं मेघगर्जन, आंधी के साथ मध्यम बारिश दर्ज होने की संभावना है।

## बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ आरोप तय

जयपुर टाइम्स



**ढाका(एजेंसी)।** बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ तय आरोपों पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है। मौजूदा अंतरिम सरकार ने देश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में अपील दायर करके इसकी मांग की थी। शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में केस चलेगा। अदालत ने जांचकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे शेख हसीना, पूर्व गृह मंत्री और एक पूर्व पुलिस प्रमुख को भी 16 जून को पेश करें। शेख हसीना अगस्त 2024 में हुए छात्र आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। 1971 के युद्ध अपराधियों को सजा देने के लिए 1973 में जब बांग्लादेश में कानून पारित किया गया, तब कुल 195 आरोपियों पर केस चलाने की तैयारी हुई। हालांकि, 1974 में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को मान्यता दे दी। इसके चलते बांग्लादेश ने 195 युद्ध अपराध के आरोपियों को छोड़ने का फैसला किया और पाकिस्तान भेज दिया। इस तरह नए कानून को लागू करने की वजह का ही अंत हो गया और यह अगले तीन दशक निष्क्रिय रहा। हालांकि, शेख हसीना ने सत्ता में आने के बाद इस कानून के तहत अपराध न्यायाधिकरण को फिर सक्रिय कर दिया। इसका मकसद युद्ध अपराध के केसों में फंसे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कठघरे तक पहुंचाने का था। इसके लिए शेख हसीना ने 1973 के कानून को 2009 में संशोधित किया। बदलाव के बाद इस कानून के तहत युद्ध अपराध के आरोपी सैन्य कर्मी ही नहीं, बल्कि आम लोगों (नेता, अधिकारियों) पर भी केस चलाया जा सकता था। इन मामलों की सुनवाई के लिए तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण गठित किया गया। इसे ही अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण कहा गया। बांग्लादेश में बीता साल सियासी उथल-पुथल वाला रहा। दरअसल, अदालत के आरक्षण से जुड़े एक फैसले के बाद देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए थे। छात्रों ने बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किए थे। शेख हसीना ने इस दौरान प्रदर्शनकारियों को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिससे छात्रों का प्रदर्शन हिंसक हो उठा। देखते ही देखते आरक्षण विरोधी यह प्रदर्शन शेख हसीना विरोधी हो गया। इस दौरान जब पुलिस प्रशासन ने आंदोलनकारियों को रोकने की कोशिश की तो हिंसा और भड़क गई। इस हिंसा में तब बांग्लादेश में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भारत में शरण लेने के लिए आना पड़ा। छात्र आंदोलन में हुई इसी हिंसा और मौतों के मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री को आरोपी बनाया गया है।

## पाक के नापाक इरादेः दुनिया में बहाएगा अब 'घड़ियाली आंसू'



जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और आतंकवाद को पालने वाले पाकिस्तान की सच्चाई को भारत ने दुनिया के सामने उजागर किया। भारत ने सात सर्वदलीय डेलिगेशन को 33 देशों में भेजने का फैसला किया। अब पाकिस्तान ने भारत की नकल करने का फैसला किया है।

पहलगाम हमले के बाद दुनिया के आगे बेनकाब हो चुका पाकिस्तान ने अपना प्रतिनिधिमंडल अमेरिका, ब्रिटेन सहित कई देशों के लिए सोमवार को रवाना किया। पाकिस्तान इन देशों में जाकर गिड़गिड़ाएगा कि किस तरह भारतीय सेना ने उसके एयरबेस और सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया। पाकिस्तान का उद्देश्य है कि वो दुनिया के सामने घड़ियाली आंसू बहाकर दुनिया की हमदर्दी बटोरेगा। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर एक उच्च-स्तरीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से न्यूयॉर्क, वॉशिंगटन, लंदन और ब्रसेल्स का दौरा कर रहा है। नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में संघीय मंत्री मुसादिक मलिक, पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार और खुर्रम दस्तगीर खान, पूर्व मंत्री सैयद फैसल अली सुब्जवारी, शेरी रहमान, सीनेटर बुशरा अंजुम बट शामिल हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विदेश सचिव-जलील अब्बास जिलानी और तहमीना जंजुआ भी शामिल हैं। बता दें कि भारत ने 33 देशों में जाकर पाकिस्तान की न सिर्फ पोल खोली है बल्कि यह संदेश भी दिया है कि भविष्य में अगर आतंकी हमला होता है तो पड़ोसी मुल्क को जबरदस्त नुकसान झेलना होगा। वहीं, कई देशों ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान की कड़ी निंदा की है।

## दुनिया भर में 'आतंकिस्तान' को बेनकाब कर लौट रहे भारतीय सांसद



#### पीएम मोदी डेलिगेशन से लेंगे फीडबैक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई से दुनिया को अवगत कराने गए सांसदों और राजनयिकों के प्रतिनिधिमंडल की वापसी बुधवार सुबह से शुरू हो जाएगी। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह खुद प्रधानमंत्री भी इन प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात करेंगे और फीडबैक लेंगे। विश्व के 33 देशों में कुल दस दिनों की यात्रा बहुत सफल मानी जा रही है जिसमें औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा में भारत के सांसदों ने न सिर्फ संबंधित सरकारों बल्कि वहां के थिंक टैंक और बुद्धिजीवियों को हर पहलू पर भारत के विचारों से सहमत कराने की कोशिश की। इसकी सफलता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि जिस कोलंबिया ने पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से सहानुभूति जताई थी उसने भी प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बाद मन बदला और पिछला बयान वापस लेते हुए आतंकवाद पर भारत की सोच का समर्थन किया। पहली टीम शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में 23 मई को विदेश गई थी। 25 मई को आखिरी टीम रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में पश्चिमी यूरोप गई थी। उसी दिन कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में टीम अमेरिका, कोलंबिया जैसे कुछ देशों में गई थी। बताया जाता है कि शिंदे की टीम बुधवार को सुबह और रविशंकर की टीम 5 तारीख की रात दिल्ली पहुंचेगी। इसी बीच सारा प्रतिनिधिमंडल दिल्ली लौटेगा। यह स्पष्ट दिखा कि अलग अलग दल से गए सांसद भी हर मुद्दे पर एकजुट थे, तब भी जब भारत में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से अपने ही सदस्यों पर तीखी टिप्पणी हो रही थी। ऐसे में इनकी वापसी के बाद भी राजनीति में बयानबाजी बढ़ेगी। बहरहाल, सूत्रों का कहना है कि संभवत 9 मई को प्रधानमंत्री भी इन प्रतिनिधिमंडलों के साथ चर्चा करेंगे। उनसे फीडबैक लिया जाएगा।

CMYK

## प्रतिबंधित दवा बेचने पर मेडिकल की दुकान पर की कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**खैरथल - तिजारा(निसं.)।।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल तिजारा डॉ0 अरविन्द गेट के नेतृत्व में डॉ0 पूरणमल मीणा उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वा0) खैरथल तिजारा व डॉ0 जयवर्धन सिंह खैरिया खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुण्डावर एवं औषधि नियंत्रण अधिकारी अर्चना यादव के नेतृत्व में पंचायत समिति मुण्डावर के सामने स्थित पवन मेडिकल हॉल पर प्रतिबन्धित दवाओं की रोकथाम के लिए कार्यवाही करवायी। उक्त दवा विक्रेता की नशे की दवाईया बेचने से सम्बधित शिकायत प्राप्त हुई है मौके पर प्रतिबंधित दवाईयां मिली जिसको लेकर औषाधि नियन्त्रण अधिकारी के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की गई, एवं जब तक उक्त नशीली दवाईयों के बिल नहीं दिलवाये जाते मेडिकल सील रहेगा जिसके तहत रोकथाम की कार्यवाही की गई।

## दीपेश चौधरी का केंद्रीय विद्यालय मे व्याख्याता पद पर चयन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उदयपुर निवासी दीपेश चौधरी पुत्र मांगीलाल का केंद्रीय विद्यालय मे व्याख्याता पद पर चयन हुआ है। वही दीपेश अपनी पढ़ाई राजस्थान हैहयवंशी कलाल महासभा भवन जयपुर स्तिथ छात्रावास मे रहकर अध्ययन कर रहे थे। उनके चयन समाज मे हर्ष का माहौल है वही परीक्षा मे भारत मे चौथा स्थान प्राप्त किया है वही दीपेश ने छात्रावास मे रहकर योजनाबद्ध ढंग से अध्ययन किया वही संस्था की गरिमा बनाए रखते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया।

## यूआईटी एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की संयुक्त टीमों द्वारा अलवर शहर के ज्योतिबाराव फूले सर्किल पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाने एवं दोबारा अतिक्रमण नहीं करने हेतु समझाइश की गई। नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा शहर के ज्योतिबाराव फूले चौराहे के स्लीप लैन एवं आसपास सडक भाग में किये गए अस्थाई अतिक्रमण को मौके से हटाने की कार्रवाई की गई तथा दोबारा अतिक्रमण नहीं करने हेतु समझाइश की गई। इस दौरान नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी एवं नगर विकास न्यास के कनिष्ठ अभियन्ता मौजूद रहे।

## हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा गंगा दशहरा पर्व

### भोले बाबा की सजेगी अलौकिक झांकी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निंस.)।** अलवर के त्रिपोलिया महादेव मंदिर में 5 जून को गंगा दशहरा पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाएगा। इस अवसर पर त्रिपोलिया महादेव मंदिर में भोले बाबा की अलौकिक झांकी सजाई जाएगी। त्रिपोलेश्वरशिव शक्ति सेवा समिति अध्यक्ष महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि त्रिपोलिया महादेव मंदिर में भगवान को जल स्नान व विभिन्न विभिन्न रसों से भगवान के प्राचीन शिवलिंग को अर्पित किया जाएगा व शाम 6.15 बजे काशी विश्वनाथ के तर्ज पर महाआरती का आयोजन होगा। श्री त्रिपोलिया महादेव में भगवान शंकर की जटाओं से निकलती हुई गंगा की अद्भुत आलौकिक झांकी सजाई जाएगी। जिसके दर्शन लिए आमजन कतार से भगवान के दर्शन करने की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि आमजन व प्रचंड गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कूलर पंखे व शीतल जल ठंडे जल की प्याऊ आदि की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी। समिति अध्यक्ष ने बताया कि गंगा दशहरा भागीरथ जी द्वारा भगवान शिव को प्रसन्न कर गंगा को पृथ्वी लोक में लाने के उपलक्ष में यह पर्व हमारे सनातन के मुख्य त्योहारों के रूप में मनाया जाता है।



## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** स्थानीय धर्मशाला में खंडेलवाल महिला समिति द्वारा एक महिने से चल रहा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हुआ। समिति की अध्यक्ष सरिता रावत एवं आशा ताम्बी ने बताया कि अखिल भारतीय खंडेलवाल महासभा के संयुक्त मंत्री राम रतन तांबी की उपस्थिति और कार्यकारिणी सदस्य प्रेम आमेरिया, खंडेलवाल विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश रावत और ऑडिटर सुरेश कायथवाल के तत्वावधान में बहुत ही हर्षोल्लास से समापन हुआ। इसमें ब्यूटी पार्लर में कोमल वर्मा प्रथम, पायल सैनी सेकंड, मेंहदी में कोमल प्रथम, गुंजन ने द्वितीय स्थान, सिलाई मशीन में सुखबाई प्रथम ,अंजना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत समर कैम्प 2025 का हुआ शुभारम्भ

### केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद यादव एवं अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाडी पुलेला गोपीचन्द ने अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के आयोजन के समय की कि घोषणा

### बैडमिंटन खिलाडी पुलेला गोपीचन्द ने खिलाडियों से संवाद कर उन्हें दिए खेल टिप्स





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव एवं विश्व विख्यात बैडमिन्टन खिलाडी एवं कोच पुलेला गोपीचन्द ने चिकानी स्थित एलआईटी कॉलेज में अलवर सांसद खेल उत्सव के समर कैम्प का उद्घाटन किया एवं अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 का व उसके तहत आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की अलवर टाइगर मैराथन 2.0 के समय की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री यादव ने अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत चयनित श्रेष्ठ 700 खिलाडियों के प्रशिक्षण के लिए आयोजित समर कैम्प के शुभारम्भ के अवसर पर पधारने पर विश्व विख्यात बैडमिन्टन खिलाडी एवं कोच पुलेला गोपीचन्द का आभार जताते हुए कहा कि युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत गोपीचंद ने खेल का एक स्टेंडर्ड तय किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में युवाओं के लिए खेल में आगे बढने के लिए न केवल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है बल्कि अलवर में खेल कल्चर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 700 खिलाडियों में टॉप रहने वाले खिलाडियों को दिल्ली में साई के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाएगा तथा उनमें से बेस्ट खिलाडी तराशने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 20 दिवसीय समर कैम्प में 10 जून तक लडकों का प्रशिक्षण आयोजित होगा तथा 11 जून से आयोजित होने वाले लडकियों के प्रशिक्षण कैम्प का उद्घाटन स्मृति ईरानी करेगी। इसके साथ ही समर कैम्प के दौरान मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्यवर्धन सिंह राठौर आदि व्यक्ति खिलाडियों को मोटिवेट करने हेतु आएंगे। उन्होंने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 को और विस्तार देते हुए इसमें अलवर टाइगर मैराथन को अंतरराष्ट्रीय स्तर का किया जा रहा है तथा 4 नए खेलों को भी शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अलवर के नागरिकों के समन्वित प्रयासों से अलवर को स्वच्छ व सुन्दर शहर बनाया जाएगा। विश्व विख्यात बैडमिन्टन खिलाडी एवं कोच पुलेला गोपीचन्द ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में खेल कल्चर विकसित करने के लिए खेलो इंडिया, फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम को आगे बढाकर खिलाडियों को आगे बढने का अवसर दिया है तथा देशभर में खेल इंस्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की खेलों के प्रति दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव आयोजन से खिलाडियों को आगे बढने का बेहतरीन अवसर मिल रहा है। सांसद खेल उत्सव के चयनित खिलाड़ियों को 20 दिवसीय समर कैम्प के माध्यम से मिलने वाला प्रशिक्षण खिलाडियों के आगे बढने के लिए एक महत्वपूर्ण कडी साबित होगा।

### अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के आयोजन की कि घोषणा

गोपीचन्द ने अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के तहत होने वाले आयोजनों की घोषणा करते हुए बताया कि अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 का पंजीकरण सितम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ होंगे तथा अबकी बार 8 फरवरी 2026 को अलवर टाइगर मैराथन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। उन्होंने अलवर सांसद खेल उत्सव के द्वितीय संस्करण में चार खेलों जिनमें बैडमिन्टन, बॉक्सिंग, योगा और आर्चरी को जोडने की घोषणा की।

### खिलाडियों से किया संवाद

समर कैम्प में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाडियों से विश्व विख्यात बैडमिन्टन खिलाडी एवं कोच पुलेला गोपीचन्द ने संवाद कर खेल से जुडे हुए उनके सवालों के जवाब दिए, जिसमें उन्होंने खिलाडियों से कहा कि अनुशासन और निरन्तर मेहनत के बल पर अपने लक्ष्य को अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल के प्रति समर्पित होकर दिनचर्या निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण लेने के साथ उचित आहार व नींद लेवें तथा सोशल मीडिया व अनावश्यक गतिविधियों से दूरी बनाएं। उन्होंने कहा कि युवा खेल व पढाई का तालमेल बनाएं। उन्होंने अपने खेल जीवन यात्रा के बारे में युवाओं को विस्तार से बताया। इस दौरान रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, अशोक गुप्ता व महासिंह चौधरी, डॉ. के.के गुप्ता, निकुंज सांघी, मनोज चाचान, इन्द्र यादव, मोहित यादव, संजय नरूका, बन्नाराम मीणा, एल.एन गुप्ता, रमन गुलाटी, ऋषिराज शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, सुरेश मेहता, अरूण जैन, दौलतराम जाटव, सुमन चौधरी, रिंकी वर्मा, राजेश भारद्वाज सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में खिलाडी मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने ली 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जल अभियान' की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक



**अभियान के तहत आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**जल संचय संरचनाओं का निर्माण, साफ-सफाई, पुनरूद्धार आदि कार्य कराने पर दिया जोर**

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में 'वंदे गंगा जल संरक्षण- जल अभियान' की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण- जल अभियान के तहत 5 से 20 जून के मध्य आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा के प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल संचयन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी उद्देश्य से 5 से 20 जून तक प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों का पुनरूद्धार, पर्यावरण व जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान को जन अभियान बनाने के लिए आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के सभी गांवों में जल संचय संरचनाओं पर साफ-सफाई व पौधारोपण के लिए श्रमदान गतिविधियां आयोजित करावें। जिला कलक्टर ने यूआईटी एवं नगर निगम के अधिकारियों को शहरी क्षेत्र में नवीन जल संचय संरचनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन एवं अन्य पर श्रमदान गतिविधियां आयोजित कराने, शहर की मुख्य सड़कों के दोनों तरफ पटरी पर साफ-सफाई कराने, माय सिटी माई पार्क के तहत पार्कों के सौंदर्यकरण कार्यों में गति लाने तथा निजी जल संरक्षण संरचनाओं की भी साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देशित किया कि अभियान में स्वीकृत फॉर्म पौंड संरचनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ करावें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को 5 से 20 जून के मध्य अभियान के तहत विद्यालय में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं की साफ-सफाई कराने एवं जन भागीदारी बढ़ाने के लिए निबंध व कहानी लेखन, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, जल सेवा इत्यादि गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस ऐश्वर्यम प्रजापति, पीएचईडी के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, एसीईओ आरती गुप्ता, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियन्ता संजय खत्री सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई आयोजित




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में 21 जून को जिले में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'वन हैल्थ, वन अर्थ' थीम पर प्रातः 7 से प्रातः 8 बजे तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के अतिरिक्त मूसी महारानी छतरी, कंपनी बाग व बायोडाइवर्सिटी पार्क में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समुचित तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्व में ही सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए विभागीय योग प्रशिक्षकों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के योग प्रशिक्षकों का चयन करें एवं उनकी सूची उपलब्ध कराए। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि कार्यक्रम का प्रचार प्रसार फ्लैक्स व बैनर के जरिए कराकर आईईसी गतिविधियां आयोजित करावे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की कार्यक्रम में भागेदारी हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था करे। साथ ही इसी प्रकार की व्यवस्थाएं भी ब्लॉक स्तर पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि समयबद्ध रूप से स्टेज निर्माण, माईक व्यवस्था,एलईडी स्क्रीन, लाईट व्यवस्था, जरनेटर आदि व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर पानी व साफ-सफाई व्यवस्था, शौचालय, डस्टबीन, एवं अग्नि शमन वाहन व्यवस्था करावे। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को यातायात व कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में विभागीय कार्मिकों को निर्देशित कर कार्यक्रम का ग्राम स्तर तक अधिकाधिक प्रचार प्रसार करावे। उन्होंने जिला परिषद अधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत समिति व ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजकीय व निजी विद्यालयों में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करावे। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कहा कि योग कार्यक्रम के लिए योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था करावे व उनकी सूची उपलब्ध करावे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ तेजपाल सिंह, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका, सरस डेयरी प्रबंधक सुनीता यादव, एसई पीडब्लूडी भूरी सिंह, आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक करण सिंह दहिया, सीएमएचओ डॉ, योगेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक सुरेश वर्मा, जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में जे डी स्कूल ने लहराया सफलता का परचम, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

जयपुर टाइम्स






**राजगढ़(निसं.)** कस्बे के मांडा छात्रावास के पास स्थित जय दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को कक्षा दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2025 में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करते हुए प्रतिभाशाली बच्चों को माला व साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ डीजे के साथ जय दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ होकर गणेश पोल, चौपड़ बाजार, गोल सर्किल, सराय बाजार, मेला का बाजार, बस स्टैंड होते हुए वापस विद्यालय में पहुंची। विद्यालय के संस्थाप्रधान मनोज कुमार सैनी ने बताया कि विद्यालय के कक्षा बारहवीं विज्ञान वर्ग में छात्रा सौम्या पालीवाल ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उपखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यालय की छात्रा स्नेहा सिंघल ने 97 प्रतिशत,केशव मीना 95.80, अंश मीना 95.20, निशा प्रजापत 95.20, शिवानी गोस्वामी 94.60, मुकुल प्रजापत 93.60, नत्या गुप्ता 93.40, अर्चना मीना 93, शिवार्थी 93, विजय कुमार मीना 93, हिमेश 92.60, मित्ताली 92.60, मुस्कान बाई सैनी 92.40, टेकचन्द मीना 92.40, वंश शर्मा 92.40, हिमेश मीना 92.20, लखन सैनी 92.20, रवीना मीना 91.80, हरी राम मीना 91.40, तनिशा धाकड़ 91.20, अंकिता गोड 91.20, ममता मीना 91.20, प्रेमलता 90.80, अंजली मीना 90.40, चन्द्रकान्ता मीना 90.20, कृष्ण प्रजापत 90 प्रतिशत अंक हासिल किये। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में विद्यालय की छात्रा श्रृष्टि भंडारी 98.50 प्रतिशत लाकर उपखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान पर रही। विद्यालय की छात्रा नन्दनी जाटव 98.33, नैना गुप्ता 97.82, रीना मीना 97.50, कुणाल विजय 97.50, केशव सिंह मीना 97.17, कृष्ण साहू 97.17, आर्ची शर्मा 97, राजश्री सैनी 96.33, कनक कुमारी टॉक 96, पायल सैनी 95.83, लक्ष्मी मीना 95.83, नायरा गुप्ता 95.33, अमित कुमार वर्मा 95.33%, भावेश मीना 95, कोमल सैनी 94.67, अर्पिता मीना 94.50, तनवी शर्मा 93.33, सिखा शर्मा 92.83, तमन्ना शर्मा 92.83, भाग्य श्री सैनी 92.33, सलोनी शर्मा 92.17, हर्ष महर 91.67, प्राची शर्मा 91.67, काजल मीना 91.50, राहुल कुमार मीना 91.50, आकांक्षी चेयरवाल 91.33, शालू गोस्वामी 91.33, वेदिका वशिष्ठ 91.33, हर्ष पाराशर 91.17, लवेश महावर 91.17, मनोज कुमार वर्मा 91, सिद्धम वशिष्ठ 91.67, रिदिमा ठठेरा 90.67, उज्जवल सिंह 90 अंक हासिल कर विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया। संस्था प्रधान ने बताया कि लगभग 75 छात्र-छात्राएँ 12वीं व 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाये। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सरोज सैनी, प्रेमनारायण सैनी, कुन्दन लाल सैनी, सतीश गुप्ता, अर्पित शर्मा, सुदीप साहू,ललित जांगिड व अन्य सभी स्टॉप उपस्थित रहें।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

### 7 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 6 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में लालकोठी सब्जीमण्डी, एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर, बांगड़, डब्ल्यूटीपी जीटी के सामने से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 7 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 6 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में लालकोठी सब्जीमण्डी, एसएमएस अस्पताल, ट्रोमा सेन्टर, बांगड़, डब्ल्यूटीपी जीटी के सामने से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 6 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 7 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## अपात्रों को दिया एक और मौका 30 जून तक हटवा सकेगें नाम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े सक्षम व्यक्तियों को चिन्हित कर राशन में उठाए गए गेहूं की पाई-पाई की वसूली की जावेगी। यह वसूली 27 रुपये प्रति किलो के हिसाब से की जावेगी। 30 जून तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने वाले व्यक्तियों को राहत दी जावेगी। रसद विभाग 30 जून के बाद गिव-अप अभियान में गेहूँ की वसूली शुरू करेगा। जिला रसद अधिकारी कल्याण सहाय करोल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्ति को स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाने के लिए गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है, अभियान 30 जून 2025 तक चलेगा। अभियान के दौरान यदि सक्षम व्यक्ति अपना नाम योजना से नहीं हटवाते है तो कानूनी कार्यवाही की जाकर उठाए गए गेहूं की 27 रुपये प्रति किलो के हिसाब से वसूली की जावेगी।उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कुल 1298 परिवारों के 5451 व्यक्तियों ने गिव-अप योजना में आवेदन कर अपने नाम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से पृथक करा लिये हैं।

## मानसून के दौरान शहर में नहीं होनी चाहिए जलभराव की समस्या-एडीएम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** बिजली, पानी, चिकित्सा सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुआ। उन्होंने आयुक्त नगर परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून आनेवाला है, जिन नालों की सफाई का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है उनको शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण कर सफाई कराना सुनिश्चित करें एवं नगर परिषद क्षेत्र में सफाई कराने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। नोडल अधिकारियों से नालों की सफाई कार्य की प्रतिदिन रिपोर्ट लेना सुनिश्चित करें। नगर परिषद क्षेत्र में जहां भी अतिक्रमण किया हुआ है उसको चिन्हित करते हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्यवाही करें। मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या वाले स्थानों को चिन्हित कर जिम्मेदार कार्मिकों की नियुक्ति की जाये। जलभराव की निकासी के लिए पूर्ण व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी को निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति के लिए जीपीएस के साथ जिन टैंकरों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति के लिए लगाए गए हैं।

## जिले में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया, 4 जून तक चलेगी आवेदन प्रक्रिया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में नागरिक सुरक्षा इकाइयाँ गठित किए जाने के निर्देशों के तहत जिले में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को गाँव स्तर तक सुदृढ़ करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 500 नए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के चयन और नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अंतर्गत चयनित स्वयंसेवकों को 10 दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## बाड़मेर कलेक्ट्रेट के आगे ग्रामीणों ने फोड़ी मटकियां

जयपुर टाइम्स

बाड़मेर **(निसं.)**।अघोषित बिजली और पानी की किल्लत को लेकर बाड़मेर विकास संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया गया। महिलाओं और लोगों ने मटकियां फोड़ कर प्रदर्शन किया। सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा नेता आजाद सिंह राठौड़ ने कहा कि हमने जिला प्रशासन को ज्ञापन नहीं देकर सुझाव दिए हैं। प्रशासन इन सुझाव को 20 दिनों में जवाब मांगा है। वर्तमान में बाड़मेर पानी और लाइट को लेकर परेशानी बद से बदतर है। दरअसल, इन दिनों बाड़मेर में भीषण गर्मी के साथ पानी की किल्लत के साथ अघोषित लाइट से लोग परेशान हैं। आलम यह है कि शहर की कच्ची बस्तियों में 1-2 दिन अघोषित लाइट कटौती हो रही है। लोगों का कहना है कि डिस्कॉम को फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिलता है। बीजेपी के नेता और जनप्रतिनिधि सत्ता के नशे में हैं। वहीं विपक्ष कई नजर नहीं आ रहा है। बाड़मेर विकास संघर्ष समिति के बैनर तले युवा नेता आजाद सिंह के नेतृत्व में सोमवार को महावीर पार्क के पीछे एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में शहर और ग्रामीण से लोग आए। वहीं महिलाएं भी धरना स्थल पर पहुंची। जनप्रतिनिधियों और मौजिज लोगों ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाड़मेर और जैसलमेर पूरे देश को लाइट सप्लाई दे रहा है। लेकिन बाड़मेर के लोगों को लाइट नहीं मिल रही है। दिया तले धरने वाली बात हो रही है। धरना स्थल से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट गेट के आगे पहुंचे। वहां पर सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गेट के आगे महिलाओं और पुरूषों तक खाली मटकियां फोड़ी।इस दौरान लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिला। आजाद सिंह ने बताया- हमने जिला प्रशासन को ज्ञापन नहीं दिया है। अपने उनको पानी औ लाइट को लेकर जो संसाधन है उसको सदुपयोग से कैसे राहत पहुंचाई जा सके।

## सुमेरपुर में सुविधा प्राप्त होटल लॉर्ड्स इको इन का हुआ उद्घाटन

### लॉर्ड्स एंड रिसॉर्ट्स ने राजस्थान में अपनी 7 वीं होटल का उद्घाटन किया





जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निंस.)।** प्रदेश सरकार व्यापार को बढ़ावा देने में प्रयासरत है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न प्रकार के व्यापार को राजस्थान में बढ़ावा देने को लेकर व्यापारियों के हाथ मजबूत करने तथा बेरोजगारों को रोजगार देने की और अग्रसित है। इसी प्रकार सरकार की तर्ज पर पाली जिले के सुमेरपुर में सोमवार को होटल लॉर्ड्स इको इन का उद्घाटन किया गया। जवाई बांध रोड पोस्ट ऑफिस के सामने होटल सीएमडी कुशाल सिंह मेड़तिया के सानिध्य में फीता काट कर होटल इको इन का उद्घाटन किया जिसमें कई लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर सीएमडी कुशाल सिंह मेड़तिया ने बताया कि लॉर्ड्स होटल्स एंड रिसॉर्ट्स को यह राजस्थान में अपनी 7वीं होटल लॉर्ड्स ईको इन सुमेरपुर - जवाई की शुरुआत की है,जहां घूमने आने वाले सभी टूरिस्ट को सुविधा मिलेगी।यह सुविधाजनक होटल सुमेरपुर शहर में स्थित है। जवाई बांध रेलवे स्टेशन से मात्र 7.5 किमी की दूरी पर है और जवाई बांध के नैसर्गिक स्थानों तक आसान पहुंच प्रदान करता है।जिससे यह व्यापारिक और अवकाश यात्रियों दोनों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। लॉर्ड्स ईको इन सुमेरपुर-जवाई अपने सुव्यवस्थित डीलक्स और एक्जीक्यूटिव रुम के लिए जाना जाएगा, जिनमें अनेक सुविधाएं जैसे वाई-फाई,मिनीबार और टी/कॉफी मेकर उपलब्ध हैं,ताकि हर अतिथि को आरामदायक और उत्पादक प्रवास मिल सके। इस होटल में दो विशिष्ट डाइनिंग विकल्प हैं-ब्लू कोरिएंडर, जो एक मल्टी-कुज़ीन रेस्तरां है और भव्य बुफे परोसता है तथा द लाइम ट्री रूफटॉप रेस्तरां,जहाँ स्वादिष्ट व्यंजन के साथ शहर का सुंदर दृश्य भी देखने को मिलता है। इसके अलावा, 700 वर्ग फुट का बैंक्वेट हॉल एयर-कंडीशनिंग, वाई-फाई और अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल सुविधाओं से सुसज्जित है,जो 100 मेहमानों को समायोजित कर सकता है। लॉर्ड्स होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के सीओओ पुष्पेंद्र बंसल ने कहा कि लॉर्ड्स ईको इन जवाई की शुरुआत हमारे 'ऑफबीट डेस्टिनेशन' पर प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी देने के वादे को दर्शाती है। विकास सूरी, वाइस प्रेसिडेंट - ऑपरेशंस एंड डेवलपमेंट ने आगे जोड़ा कि यह हमारे अनुभवों को हर अतिथि तक पहुंचाने की सोच को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि हमें गर्व है कि हम अपनी विशिष्ट हॉस्पिटैलिटी सुमेरपुर लेकर आए हैं और देश-विदेश के यात्रियों का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। सुमेरपुर अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत,जीवंत संस्कृति,शांत वन्य जीवन और प्रसिद्ध जवाई तेंदुआ अभयारण्य के लिए जाना जाता है। यहां जवाई बांध,जवाई सफारी और आगामी फिल्म सिटी जैसे अनेक पर्यटन आकर्षण मौजूद हैं। राजस्थान में लॉर्ड्स की 7वीं संचालित होटल है, जहां आने वाले मेहमानों को सुविधा मिल रही है। होटल्स जयपुर, जोधपुर,उदयपुर और नाथद्वारा में स्थित हैं। इस होटल में प्रमुख सुविधाओं में ब्लू कोरिएंडर रेस्तरां, द लाइम ट्री रूफटॉप रेस्तरां, बैंक्वेट हॉल, एक्जीक्यूटिव रूम और डीलक्स रूम शामिल हैं। यह प्रॉपर्टी शहर के प्रमुख आकर्षणों और कॉर्पोरेट हब्स से आसानी से जुड़ी हुई है। जवाई बांध रेलवे स्टेशन से यह सिर्फ आधे घंटे की दूरी पर है और उदयपुर एयरपोर्ट से डेढ़ घंटे में पहुँचा जा सकता है। वही जोधपुर एयरपोर्ट से दूरी 145 किमी, उदयपुर एयरपोर्ट से 180 किमी,सुमेरपुर बस स्टैंड से 2.5 किमी,जवाई बांध रेलवे स्टेशन से 7.5 किमी और फलना रेलवे स्टेशन से 24 किमी है। पर्यटन स्थलों में जवाई बांध 13 किमी,जवाई लेपर्ड सफारी 19 किमी और कंबेश्वर महादेव मंदिर 20 किमी की दूरी पर हैं। लॉर्ड्स होटल्स एंड रिसॉर्ट्स भारत की सबसे तेजी से बढ़ती मिड-मार्केट हॉस्पिटैलिटी चेन में से एक है,जो फ्रैंचाइज़ी और मैनेजमेंट मॉडल के तहत होटल्स और रिसॉर्ट्स संचालित करता है। लॉर्ड्स की उपस्थिति भारत, नेपाल और अमेरिका में भी है और इसके 57 गंतव्यों में 70 से अधिक होटल्स हैं। जानकारी देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है अनुभव प्रदान करके मिड-मार्केट सेगमेंट में एक भरोसेमंद ब्रांड बनना। इसी प्रकार सुमेरपुर में सफारी जैसी विभिन्न प्रकार की सुविधा प्रदान कराई जाएगी। इस मौके पर किसान नेता जयेंद्र सिंह गलथनी,खेत सिंह मेड़तिया,एसडीम कालूराम कुम्हार, सीओ जितेंद्र सिंह, थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह,कारण सिंह मेड़तिया आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## 101 अवैध निजी अस्पतालों और झोलाछाप पर लगाया 51 लाख का जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निंस.)।** जिले भर में सरकारी नियमों को धता बताकर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले अवैध रूप से संचालित 101 निजी अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। प्रशासन ,पुलिस और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापा मार कार्यवाही की गई। जिसमें 101 निजी अस्पताल और झोलाछाप का क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत रजिस्ट्रेशन नही पाया गया। इस पर जिला कलक्टर ने क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के निर्धारित प्रावधान अनुसार पंजीकरण नहीं करवाने पर जिले भर के 101 निजी अस्पताल और झोलाछाप डॉक्टरों पर जुर्माना लगाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि एस्टबलिसमेन्ट एक्ट के अनुसार चिकित्सा विभाग में पंजीयन बिना चिकित्सीय संस्थान को संचालित किये जाने पर प्रथम दृष्टया 50 हजार रूपये राशि का जुर्माना/अर्थदण्ड दिये जाने का प्रावधान है। जिसके तहत सैंपऊ में 34,राजाखेड़ा में 21,सरमथुरा में 16, बसेड़ी में 13 तथा धौलपुर में 6 अवैध निजी अस्पताल पर जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में संभवतरू पहली बार इस प्रकार की कार्यवाही करते हुए 51 लाख के करीब जुर्माना लगाया गया है। विभाग की कार्यवाही के बाद निजी अस्पताल और झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है। सभी अवैध निजी अस्पताल अपने संस्थान बंद कर भूमिगत हो गए है। सीएमएचओ डॉ.मीणा ने बताया कि अवैध निजी अस्पताल और झोलाछाप के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संबंधित थानाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुये, आदेश की प्रति तामील करवा कर डिमाण्ड ड्राफ्ट के जरिए जुर्माना राशि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धौलपुर के नाम जमा करवाने हेतु निर्देश दिए है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की प्रदेश बैठक सम्पन्न, राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों पर मंथन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद राजस्थान प्रदेश की बैठक आज विद्याधर नगर स्थित स्वस्तिक भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष मेजर जनरल अनुज माथुर ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में जयपुर, जोधपुर और चितौड़ प्रांतों के पदाधिकारियों सहित सभी जिला अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 19 से 21 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में कर्नल तेज प्रताप सिंह ने आवास व्यवस्थाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि एयर कमोडोर चंदरमौली ने मैनपावर की आवश्यकता संबंधी जानकारी दी। प्रदेश सचिव कमांडर बनवारीलाल ने बैठक स्थल की जानकारी साझा की, जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों ने स्थल का अवलोकन भी किया। प्रदेशाध्यक्ष मेजर जनरल माथुर ने अपने संबोधन में विश्वास जताया कि जयपुर में आयोजित होने वाला यह राष्ट्रीय अधिवेशन पूरी तरह सफल होगा और बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए यादगार बनकर रहेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन राजस्थान के गौरव को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, तीनों प्रांतों के अध्यक्ष एवं सभी जिलों के अध्यक्षों की सक्रिय भागीदारी रही।

## बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह सम्पन्न, राज्यपाल बोले- शिक्षा से बनता है चरित्रवान राष्ट्र

जयपुर टाइम्स



**बीकानेर/जयपुर(निंस.)** । बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह सोमवार को आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने की। समारोह में 4080 विद्यार्थियों को डिग्री और 27 को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। राज्यपाल बागडे ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश की रीढ़ होती है और अच्छी शिक्षा पद्धति ही एक देश को बलवान और चरित्रवान बनाती है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन तकनीकी समृद्धता रणकपुर, अजंता-एलोरा और दक्षिण भारत के मंदिरों से प्रमाणित होती है। साथ ही युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए इसे समाज के लिए घातक बताया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्ति नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व निभाने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने युवाओं से नौकरी देने वाला बनने का आह्वान किया। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल ने तकनीकी विकास को देश की प्रगति का आधार बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार से ही चरित्र का निर्माण होता है और सशक्त चरित्र वाला समाज देश को आगे ले जा सकता है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा केवल व्यक्ति नहीं, समाज और देश के विकास का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आरआईटी जैसे संस्थानों के माध्यम से तकनीकी शिक्षा को नया आयाम दे रही है। उन्होंने युवाओं से नवाचार को अपनाकर रोजगार सृजित करने की अपील की। समारोह में कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आरएमएससीएल की राज्य स्तरीय टीम ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निंस.)।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन निगम लिमिटेड (आरएमएससीएल) जयपुर की टीम ने भीषण गर्मी एवं हीटवेव के मध्यनजर जिले के चिकित्सा संस्थानों की तैयारियों की समीक्षा के लिए सघन निरीक्षण अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत आरएमएससीएल के मैनेजर प्रोक्योरमेंट डॉ. अभिषेक बेंधा और कनिष्ठ लेखाकार रविकांत ने सोमवार को जिला औषधि भंडार, जिला अस्पताल एवं सीएचसी मनियां का निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में हीटवेव के मद्देनजर आरएमएससीएल द्वारा चिकित्सा संस्थानों में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवा उपलब्धता, उपकरणों की कार्यशीलता एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता जानने के लिए ग्रीष्मकालीन सघन निरीक्षण अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत आरएमएससीएल ने हीटवेव संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ डीडीडब्ल्यू के डीपीसी डॉ. शिवकुमार शर्मा और बायोमेडिकल वेस्ट



इंजीनियर मंदीप कुमार भी मौजूद रहे। डीपीसी डॉ.शर्मा ने बताया कि निरीक्षण दल ने चिकित्सालयों के सबस्टोर, दवा वितरण केन्द्र, वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता, लू तापघात प्रबंधन में दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने चिकित्सा संस्थान का निरीक्षण कर उपकरणों एवं ऑक्सीजन व्यवस्था की भी जांच की। निरीक्षण दल ने जांच के साथ साथ मरीजों से बात कर चिकित्सा संस्थानों पर मिल रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया।

## एक करोड़ 11 लाख गौवंश को लगेगा लम्पी से बचाव का टीका

### 2 अगस्त तक चलेगा प्रदेशव्यापी टीकाकरण अभियान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में गौवंश को लम्पी स्किन डिजीज से बचाने के लिए प्रदेशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को श्रीपिंजरापोल गौशाला से इस अभियान का शुभारंभ किया और वैक्सीनेशन टीम को किट प्रदान की। यह अभियान 2 जून से 2 अगस्त 2025 तक चलेगा, जिसमें 4 माह से अधिक उम्र के एक करोड़ 11 लाख 57 हजार स्वस्थ गौवंश को गॉट पॉक्स (उत्तरकाशी स्ट्रेन) वैक्सीन लगाई जाएगी।



मंत्री कुमावत ने बताया कि वर्ष 2022-23 में लंपी बीमारी महामारी का रूप ले चुकी थी, जिससे 76 हजार गौवंश की मृत्यु हुई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने युद्धस्तर पर प्रयास करते हुए पिछले वर्ष व्यापक स्तर पर टीकाकरण कराया, जिससे अधिकांश जिलों में इसका प्रकोप नहीं फैला और मृत्युदर केवल 5% रही। इसी सफलता को दोहराने के लिए इस वर्ष भी मानसून से पूर्व टीकाकरण किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनंद सेजरा ने बताया कि मानसून पूर्व टीकाकरण से पशुओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर 'हर्ड इम्युनिटी' सुनिश्चित की जाएगी। जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और पशु मित्रों, प्राइवेट वैक्सीनेटर्स तथा मोबाइल वेटनरी यूनिट्स की मदद से अभियान चलाया जा रहा है। टीकों का भंडारण और परिवहन 2 से 8 डिग्री सेल्सियस तापमान पर सुनिश्चित किया गया है। टीकाकरण के दौरान खासकर गौशालाओं, सीमावर्ती इलाकों, संरक्षित वन क्षेत्रों और उनके आसपास के गांवों में शत-प्रतिशत टीकाकरण अनिवार्य किया गया है। गर्भवती गायों को सावधानीपूर्वक टीका लगाया जाएगा जबकि भैंसों और बीमार पशुओं को टीका नहीं लगाया जाएगा। अभियान पूरी तरह वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप संचालित किया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर का रौद्र रूप।



संजीव ठाकुर
स्तंभकार, चिंतक, लेखक,
रायपुर छत्तीसगढ़

*पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया हैद्य भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। कोरोना कल में भारत ने अभूतपूर्व तरीके से स्वदेशी दवाइयां का एवं अन्य उपकरणों का निर्माण कर करके एक रिकॉर्ड भी बनाया है और इस पहल के परिणाम स्वरूप भारत में करोन पर प्रभावी नियंत्रण पानी में सफलता पाई थी। इसके अलावा भारत में ऐसे संक्रमण काल में स्वदेशी निर्मित मेडिकल इंजेक्शन दवाईयां तथा उपकरणों को भी विदेशी देशों को मदद पहुंचाई थी।*

भा आज पाकिस्तान के तथाकथित फील्ड मार्शल और पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के पाकिस्तान आर्मी के मास्टरमाइंड जनरल असीम मुनीर ने आतंकवादियों को भेज कर 26 भारतीय पुरुषों की उनकी पत्नियों के सामने धर्म पूछ कर निर्मम हत्या करने के बाद कल्पना भी नहीं की थी कि भारत में सिंदूर का कितना बड़ा महत्व है और भारत इसका बदला भयानक एवं इतने बृहद रूप में लेगा। भारत में सिंदूर का मतलब शक्ति शौर्य और मंगलमय जीवन का प्रतीक होता है। ऑपरेशन सिंदूर के तीव्र आक्रमण से वहां की फौज प्रशासन और आवाम बम के गोलों से थर-थर कांप उठी है।

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को सिंदूर के महत्व को अच्छे से समझा दिया है और भारतीय महिलाओं के शौर्य,शक्ति के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के जवाबी हमले ने पाकिस्तान के 9 एयरबेस की तबाही और लगभग 100 मृत दुर्दांत आतंकवादियों के साथ पूरे पाकिस्तान को यह बात बहुत अच्छे से याद दिला दी है की भारत को छेड़ोगे तो भारत छोड़ेगा नहीं। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारत के पाकिस्तान के अंदर घुसकर जो ताबड़तोड़ हमले कर कार्रवाई की है उसके बाद भारत की छवि विश्व में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। अब भारत से कई देश से अस्त्र-शस्त्र की खरीदी के लिए कतार में खड़े होते दिखाई दिए हैं । भारत ने जिस तरह ब्रह्मोस मिसाइल और ह्य400 से चीनी तथा टर्किए के 500 से ज्यादा ड्रोन तथा मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त किया है वह अपने आप में एक वैश्विक मिसाल है। भारत ने कूटनीतिक पहलकर पाकिस्तान की आतंकवादी छवि को स्पष्ट करने के लिए लगभग 50 से ज्यादा सांसदों को विभिन्न देशों में भेज कर पारदर्शिता का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया हैद्य भारत विश्व में अब एक बड़ी राजनीतिक,आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन कर उभरा हैद्य भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुगुना किया हैद्य विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कूटनीति आर्थिक व्यापारिक समझौते तथा पाकिस्तान को युद्ध में बुरी तरह परास्त करने के बाद एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरने के अलावा इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी ज्यादा रहा हैद्य भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा हैद्य इसमें दो मत नही कि वर्तमान के प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान और ऊर्जावान,दमदार वैश्विक नेता के रूप में भूमिका रही है । पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया हैद्य भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। कोरोना कल में भारत ने अभूतपूर्व तरीके से स्वदेशी दवाइयां का एवं अन्य उपकरणों का निर्माण कर करके एक रिकॉर्ड भी बनाया है और इस पहल के परिणाम स्वरूप भारत में करोन पर प्रभावी नियंत्रण पानी में सफलता पाई थी। इसके अलावा भारत में ऐसे संक्रमण काल में स्वदेशी निर्मित मेडिकल इंजेक्शन दवाईयां तथा उपकरणों को भी विदेशी देशों को मदद पहुंचाई थी। स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की हैद्य वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी हैद्य वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा हैद्य वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा हैद्य उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई हैद्य भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया हैद्य आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा हैद्य भारत में समय के अनुसार अपनी नीतियों तथा विकास के प्रति मानको में परिवर्तन कर निरंतर आर्थिक विकास की दर को प्राप्त करते हुए अधिकांश विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की हैद्य वास्तव में वर्तमान समय में भारत के ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिससे विश्व के सभी देश किसी न किसी रूप से जुड़कर प्रभावित भी हुए हैंद्य 1974 उल्लेखनीय रहा है क्योंकि भारत ने पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया इसका विरोध विश्व के तमाम विकसित देशों ने बहुत जोरदार ढंग से किया भारत को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा थाद्य वर्ष 2008 में हमारे देश और अमेरिका रूस फ्रांस ब्रिटेन तथा चीन को छोड़कर पी5 के सभी सदस्य देशों के मध्य हुए असैन्य परमाणु समझौता से यह स्पष्ट हो गया था कि अब वैश्विक पटल पर भारत की अनदेखी नहीं की जा सकती हैद्य 2009 में भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यालय में राजकीय अतिथि के रूप में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री का स्वागत करके कहा कि भारत अब एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन चुका है। यह भारत के छठे परमाणु संपन्न राष्ट्र के तौर पर मिली औपचारिक मान्यता ही थीद्य भारत यात्रा पर आए बराक ओबामा ने कहा कि भारत अब उभरती हुई परमाणु शक्ति ही नहीं है, वह स्थापित परमाणु शक्ति बन चुका हैद्य भारत की जनसंख्या को देखते हुए भारत की क्रय शक्ति की क्षमता के मामले में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा हैद्य भारत अब विश्व में एक महत्वपूर्ण वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित होने की ओर अग्रसर हैद्य भारत में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अत्यधिक ख्याति प्राप्त की है, जिससे अमेरिकी विश्लेषकों के मन में भय पैदा हो गया हैद्य भारतीय औद्योगिक घराने अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी कंपनियों को खरीद कर दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी समूह बन गए हैंद्य भारतीय मूल के विदेशी उद्योगपतियों ने भारत के बाहर रहकर भी भारत की प्रसिद्धि में वृद्धि की है। इन उद्योगपतियों में इंदिरा नूई, अरुण सरीन, सबीर भाटिया, विनोद घोसला का नाम विशेष रूप से लिया जा सकता हैद्य वर्ष 2014 में केंद्र में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने अपनी पूर्ववर्ती सरकारों की तरह भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में कार्य किया हैद्य जिसके अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने विश्व के प्रमुख देशों जैसे अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा ,जर्मनी, जापान, चीन, फ्रांस और अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को द्विपक्षीय वार्ता तथा विभिन्न समझौता के माध्यम से मजबूती प्रदान की हैद्य अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात की दृष्टि से दूसरे देशों देशों में निवेश करने के मामले में विश्व कीर्तिमान स्थापित किया हैद्य भारत के आर्थिक विकास से इसके राजनीतिक प्रभाव में वृद्धि हुई है, इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय मंच एवं वार्ताओं में भारत को नियमों में छूट देने की सुविधा प्राप्त हो गईद्य 2018 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा विश्व आर्थिक मंच में चार दिवसीय बैठक का उद्घाटन किया जाना भारत की बढ़ती विश्व ख्याति को प्रतिबिंबित करता हैद्य भारत इस दशक के अंत तक निसंदेह विकसित देशों के समूह में शामिल हो जाएगा और भारत की वैश्विक ख्याति में चारों तरफ वृद्धि होने की पूरी संभावना है




सम्पादकीय

## न्यूनतम समर्थन मूल्य और कृषि सुधार की जमीनी हकीकत



सरकार ने चालू वित्तवर्ष में खरीफ फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की घोषणा कर दी है। हर वर्ष फसल की बुआई से पहले फसलों की एमएसपी घोषित की जाती है। इस वर्ष धान की फसल के लिए पिछले वर्ष की तुलना में न्यूनतम समर्थन मूल्य उनहत्तर रुपए प्रति कुंतल बढ़ा दिया गया है। इसी तरह कुल चौदह फसलों का एमएसपी घोषित किया गया है, जिनमें दलहनी फसलें और मोटे अनाज शामिल हैं। सरकार का दावा है कि यह बढ़ोतरी उसके वादे के अनुरूप है, जिसमें उत्पादन लागत का कम से कम पचास फीसद अधिक एमएसपी तय किया जाता है। इसके अलावा, ब्याज सबवेंशन योजना के तहत किसानों को खेती और बागवानी के लिए तीन लाख रुपए तक और कृषि सहायक उद्यमों जैसे पशुपालन और मछली पालन के लिए दो लाख रुपए तक का कर्ज रियायती दर पर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। कहा जा रहा है कि इससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा और कृषि क्षेत्र में सुधार नजर आएगा। पर इन घोषणाओं से किसान संगठन कितने खुश हो पाते हैं, देखने की बात होगी, क्योंकि वे लंबे समय से न्यूनतम समर्थन मूल्य में विसंगतियों और कृषि सुविधाओं में कमी के मुद्दे उठाते रहे हैं। किसानों की स्थिति बेहतर करने के मकसद से स्वामीनाथन समिति का गठन किया गया था, जिसने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनना चाहिए। फिर, उत्पादन लागत में किसानों के पारिवारिक श्रम की कीमत भी जोड़ी जानी चाहिए। मौजूदा सरकार ने वादा किया था कि किसानों को उनकी फसलों की कीमत लागत की डेढ़ गुना तक दी जाएगी। मगर न्यूनतम समर्थन मूल्य के निर्धारण में किसानों के पारिवारिक श्रम की कोई कीमत नहीं आंकी जाती। फिर, बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई आदि पर आने वाले खर्च को भी ठीक से नहीं आंका जाता, जिसकी वजह से लागत और अंतिम मूल्य में बहुत अंतर नहीं रह जाता। खासकर धान जैसी फसलों पर उत्पादन लागत अधिक बैठती है। फिर भी, न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों में फसल बोने को लेकर उत्साह बनता है। पर यह शिकायत आम है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य तय होने के बावजूद आढ़ती उस कीमत पर किसानों से फसलें नहीं खरीदते। ज्यादातर मामलों में उससे कम, बल्कि कई बार किसान काफी कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर होते हैं। इस पर रोक लगाने का कोई उपाय अभी तक नहीं किया गया है। इसीलिए एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने की मांग जोर पकड़ती रही है। सरकार का वादा है कि वह किसानों की आय दोगुनी करेगी। इसके मद्देनजर कई योजनाएं भी चलाई गई हैं। किसान क्रेडिट कार्ड भी उसी में एक है। पर किसानों की दशा में कोई उल्लेखनीय सुधार नजर नहीं आ पा रहा, तो इसकी कुछ वजहें साफ हैं। एक तो, देश के अस्सी फीसद से ऊपर सीमांत किसान हैं, जो किसी तरह अपने परिवार के गुजारे भर की फसल पैदा कर पाते हैं। दूसरे, जलवायु परिवर्तन की वजह से सूखा, बाढ़, तूफान आदि के कारण फसलों के चौपट होने का खतरा दिनोंदिन बढ़ता गया है।

## भ्रष्टाचार का रोग



लो गों को समय के अनुसार रोजगार नहीं मिल पाता और जिनके पास सरकारी पद-प्रतिष्ठा है, वे अपनी छवि थोड़े लालच भाव में धूमिल करने में लगे रहते हैं! क्या इन लोगों को अपनी जमी-जमाई नौकरी, पद-प्रतिष्ठा व इज्जत का कोई भान नहीं? जिस तरह से वेतन होता है, उस तरह से कार्य तो शिथिल ही नजर आता है! बगैर डर-भय के हजारों-लाखों रुपए मिलने के बाद भी इनकी आत्मा को संतुष्टि नहीं मिलती। समझ से परे लगता है कि रिश्वतखोरी, गबन-घोटालों, और आर्थिक व अन्य पहलुओं से ये लोग नौकरी को दांव पर लगा देते हैं और उन्हें मलाल कुछ भी नहीं होता!

ऐसे लोगों की नकेल कसने के लिए कारगर और ठोस कदमों की जरूरत है। इन्हें निलंबित करने के बजाय सेवामुक्त करना चाहिए। न सिर्फ इन्हें जेल की सलाखों के पीछे धकेलना चाहिए, बल्कि सारी सुविधाए बंद होनी चाहिए! अक्सर रोजगार की तलाश में उच्च शिक्षित वर्ग निजी क्षेत्र में नौकरी में समय की महत्ता को समझते हुए भरसक मेहनत कर शिखर तक पहुंचता है। जबकि वेतनमान तुलनात्मक रूप से कम ही होता है। सरकारी नौकरी में अच्छा वेतन पाने के बाद भी बेईमानी की यह फितरत कर्मचारियों मे चिंतनीय है! भ्रष्टाचार की जड़ को खत्म करने के लिए नकेल कसना और समय-समय पर निरीक्षण, परीक्षण जरूरी है। साल 2022 का वैश्विक भुखमरी सूचकांक की रिपोर्ट जारी हो चुकी है। इसमें मुख्य रूप से बताया गया है कि भारत की हालत पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से भी बदतर हो चुकी है। 121 देशों की रैंकिंग को लेकर जारी इस रिपोर्ट में भारत 107वें पायदान पर है, जबकि उसका पड़ोसी देश पाकिस्तान 99वें पायदान पर है। इस सूची में दक्षिण एशिया में सबसे बेहतर स्थिति में श्रीलंका है। आर्थिक दिक्कतों से जूझ रहे श्रीलंका को इस सूचकांक में 64वां स्थान दिया गया है। भारत के पड़ोसी देश नेपाल 81वें स्थान पर, जबकि बांग्लादेश 84वें स्थान पर है। इस पर भारत में सत्ता के समर्थक लोग यह तर्क दे रहे हैं कि जब श्रीलंका दिवालिया हो चुका है, उसके यहां मूलभूत खाद्यान्नों की भयंकर कमी हो गई है, तो श्रीलंका की स्थिति भारत से बेहतर कैसे हो सकती है। जबकि श्रीलंका का मसला बिल्कुल दूसरा है और वैश्विक भूख वाला सूचकांक को नापने का पैमाना बिल्कुल अलग है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स की गणना तीन संकेतकों के औसत के रूप में की जाती है। कुपोषित आबादी का अनुपात (अल्पपोषण), पांच साल से कम उम्र के कम वजन वाले बच्चों का अनुपात, और बच्चों का पांच साल की उम्र से पहले मरना। इस पैमाने पर भारत लगातार पिछड़ता जा रहा है, क्योंकि उसका ध्यान ऊपर के तरफ है कि कैसे भारत की अर्थव्यवस्था को पांच खरब डालर का बनाया जाए।

## चंदा मामा के घर

**भारत की लोक संस्कृति में चांद को मामा कहा जाता है। हम सब जानते हैं कि बचपन में मामा के घर जाने के लिए हम कितने लालायित रहते थे। मन में यह भी विश्वास रहता था कि मामा के घर जाएंगे तो नाना-नानी और मामा-मामी से ढेर सारे उपहार मिलेंगे। ऐसा ही आज होता भी है। आगे भी होता रहेगा। इस चंद्रयान-2 के आकाश में चांद की ओर उड़ान भरने के पूर्व वैज्ञानिकों ने ऐसे यंत्रों को उसमें भरा है जिससे चांद पर उतरकर वहां की प्राकृतिक स्थितियों के चित्र लिए जाएंगे। वहां क्या-क्या पाया जाता है, इसकी जानकारी हमारे लिए उपयोगी होगी।**



इ स युग के वैज्ञानिकों ने कमाल के साथ धमाल भी कर रखा है। अचंभित करने वाले आविष्कार के साथ ग्रह-नक्षत्रों पर भी जाने के यंत्र और यान विकसित किए जा रहे हैं। सेना के लिए उपयोग में आने वाले हथियार हों या खेती की ऊपज बढ़ाने वाले उपकरण, जीवन के हर क्षेत्र में सुविधाएं लाने में वैज्ञानिकों की वाहवाही हो रही है। जल, थल और नम में इनके द्वारा आविष्कृत न जाने कितने उपकरण घूम रहे हैं। मानव जीवन को सुख-सुविधाओं से संपन्न बनाने के लिए वैज्ञानिक अनवरत कड़ी मेहनत करते हैं। चंद्रयान-2 भी इसी उद्देश्य से बनाया है। इस साल 22 जून को रवाना हुआ चंद्रयान ऐसी-वैसी जगह पर नहीं, बल्कि चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर उतरने गया है। इसका मकसद चांद के दक्षिणी ध्रुव को टटोलना है। लैंडर विक्रम पता लगाएगा कि चांद पर भूकम्प आता है या नहीं। सबसे बड़ी बात तो यह कि अब चांद के दक्षिण ध्रुव पर भारत का तिरंगा लहराएगा।

भारत की लोक संस्कृति में चांद को मामा कहा जाता है। हम सब जानते हैं कि बचपन में मामा के घर जाने के लिए हम कितने लालायित रहते थे। मन में यह भी विश्वास रहता था कि मामा के घर जाएंगे तो नाना-नानी और मामा-मामी से ढेर सारे उपहार मिलेंगे। ऐसा ही आज होता भी है। आगे भी होता रहेगा। इस चंद्रयान-2 के आकाश में चांद की ओर उड़ान भरने के पूर्व वैज्ञानिकों ने ऐसे यंत्रों को उसमें भरा है जिससे चांद पर उतरकर वहां की प्राकृतिक स्थितियों के चित्र लिए जाएंगे। वहां क्या-क्या पाया जाता है, इसकी जानकारी हमारे लिए उपयोगी होगी। पृथ्वी पर के प्राकृतिक संसाधनों का हम भरपूर उपयोग कर रहे हैं। इसके बावजूद जल, थल और नभ पर इतने संसाधन हैं जिनकी खोज अभी बाकी है। ऐसे संसाधनों का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए होगा।

भारतीय समाज की यह विशेषता है कि ग्रह-नक्षत्रों को भी रिश्ते-नाते में बांध लिया जाता है। इनका मानवीकरण हो जाता है। इसलिए वे भी हमारे स्नेह भाजक ही रहते हैं। मेरे मन में यह प्रश्न उठता था कि समाज में लोग चंद्रमा को 'मामा' क्यों कहते हैं? अनुभव यह भी कि हर पीढ़ी के वे मामा ही हैं। जैसे दादा, पिता और बेटा सभी के मामा। भारतीय समाज में सब सनातन ही है। चंदा मामा भी सनातन।

भाद्र मास की शुक्ल चतुर्थी को दिन भर उपवास रख कर सायंकाल चांद को आंगन में खीर-पूड़ी और फल-फूल से अर्घ देने का व्रत होता है। उस शाम फल हाथ में लेकर ही चांद देखा जाता है। चतुर्थी का चांद कलंकी कहलाता है। हाथ में फल लिए बिना चांद देख लेने पर उस व्यक्ति को किसी का कुछ चुराना पड़ता है। या फिर पत्थर का टुकड़ा छत पर फेंका जाता है। जब 1961 में अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन चांद पर उतरे थे तो बिहार में चतुर्थी व्रत करने से लोग कतराने लगे थे। क्योंकि वे लोग चांद को भगवान मानते थे। उस चांद पर अमेरिकी लोगों ने अपने पांव रख दिए, तो भला वे कैसे अर्घ्य देते। लेकिन सबने पूजा की और श्रद्धापूर्वक करते आए हैं।

मनुष्य और चांद को लेकर और भी ढेर सारे कहानी-किस्से हैं। इतना स्पष्ट है कि चांद विभिन्न रूपों में हमारे बीच मामा बन कर ही रहता आया है। लोक जीवन में स्त्री का इतना प्यारा हो गया चांद कि उसने उसे भाई ही बना लिया। प्रेमी द्वारा प्रेमिका के मुख को चांद का टुकड़ा समझ लेना क्षणिक एहसास हो सकता है। लेकिन किसी महिला का भाई तो बहन के दिल में हमेशा एक ही भाव और रस में पगता रहता है। निश्चय ही अपने रोते हुए लाल को आंगन में खड़े होकर आकाश में उगे चांद को दिखा कर किसी मां ने कहा होगा-'देखो-देखो चंदा मामा'! मुन्ना चमकते चांद का गोला देख कर चुप हो गया होगा। अपने लाड़ले को दूध-भात खिलाते हुए भी चांद को दिखाया होगा। और इस तरह चांद सनातन मामा बन गया।

वैज्ञानिकों की दृष्टि में चांद का यह रूप नहीं आया होगा। लेकिन चंद्रयान को चांद पर भेजने का उद्देश्य यही रहा है, मामा के घर से कुछ ले आना। कुछ लोग तो चांद पर घर बनाने और वहीं जाकर विवाह करने की भी योजना बनाने लगे हैं। लोक संस्कृति में भांजे-भांजी के विवाह पर मामा को बहन के घर ही आने का रिवाज है।



# वापसी पर बोले फरदीन - दर्शकों और निर्माताओं के प्यार के लिए आभारी हूं

अभिनेता फरदीन खान अपकमिंग फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगे। हाउसफुल उनकी चौथी फिल्म है। खान ने एक साल में तीन अलग-अलग भूमिकाएं निभाकर पर्दे पर वापसी के बारे में बात की। उन्होंने वापसी और शानदार किरदार के लिए फिल्म निर्माताओं और दर्शकों का आभार जताया। फरदीन मंगलवार को मुंबई में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए, जहां मीडिया ने उनसे निर्देशकों के साथ उनकी पिछली तीन फिल्मों में उनके लगातार प्रदर्शन के बारे में पूछा। वहीं, 'हाउसफुल 5' चौथे नंबर पर है। अभिनेता ने ट्रेलर लॉन्च के मौके पर मीडिया से कहा, जब मैं वापस आने के बारे में सोचता हूं तो ऐसा लगता है कि मैं दूसरी बार आया हूं। अपने को-स्टार्स के साथ प्यार और सम्मान के साथ मिलने और फिर से काम करने के लिए आभारी और उत्साहित हूं।

12 साल की अवधि के बाद वापसी करना कुछ ऐसा नहीं है जिसकी आप योजना बनाएं। मैंने बस इसके लिए तैयारी की है। मुझे बस इतना पता था, यह वही है जो मैं करना जानता हूं। मुझे सेट पर होने की याद आती है। मुझे कहानियां सुनाने का हिस्सा बनने की याद आती है। मुझे उन लोगों के बीच होने वाले जुड़ाव की याद आती है जिनके साथ आप गहरे रूप से लंबे समय तक काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए हाउसफुल 5 चौथी रिलीज होगी और यह सबसे बड़ी कॉमेडी फ्रैंचाइज भी है। हिंदी फिल्म इतिहास की सबसे सफल कॉमेडी फ्रैंचाइज होगी जो सभी को खुशी और प्यार देने के लिए तैयार है। दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। मेरे लिए इसके जरिए वापसी एक जश्न की तरह है। फरदीन ने कहा, मैं दर्शकों का और उन सभी का बहुत आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया, जिन्होंने सोचा कि मेरे पास कुछ दौर बाकी हैं, जिन्होंने मुझे इस तरह की प्रतिभा के साथ काम करने का मौका दिया और विशेष रूप से साजिद नाडियाडवाला का आभारी हूं।



# साउथ एक्टर ने मेरी हाइट को लेकर बहुत बुली किया

अपनी पहली ही फिल्म मकड़ी के लिए नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस श्वेता बसु प्रसाद बॉलीवुड की भेड़चाल से इतर अपनी रफ्तार से लगातार आगे बढ़ रही हैं। अपनी पिछले वेब शो ऊप्स अब क्या के लिए वाहवाही बटोरने वाली श्वेता अब चर्चित सीरीज क्रिमिनल जस्टिस 4 में वकील लेखा अगस्त्या के रूप में दोबारा नजर आ रही हैं।

**आप काम के अलावा बॉलिवुड की चमक-दमक से दूर रहती हैं। सोशल मीडिया या लाइमलाइट में बने रहने की कवायद करती नहीं दिखतीं। इसके पीछे क्या वजह है?**

मुझे इन चीजों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। मेरा बस चले तो कल इंस्टाग्राम डिलीट कर दूं। मुझे इंस्टाग्राम इसलिए पसंद है, क्योंकि वहां मैं अपने काम की चीजें शेयर कर पाती हूं। साथ ही, कुछ लोग बहुत छोटी डॉक्यूमेंट्री, विडियोज, फोटोज, अच्छी आदतें, खाने की चीजें वगैरह शेयर करते हैं, जो देखना मुझे अच्छा लगता है। लाइमलाइट में रहने या फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए उसका इस्तेमाल करना मेरा लक्ष्य कभी नहीं रहा, ना हो पाएगा। ऐक्टिंग मेरी लाइफ का बहुत अहम हिस्सा है, मेरी जिंदगी नहीं है। पैकअप के बाद मैं काम वैन में छोड़कर जाती हूं। दोस्तों के बीच भी मैं काम की बात नहीं करती कि कौन सा ऑडिशन दिया, क्या आने वाला है। हालांकि, मुझे सिनेमा बहुत पसंद है। मैं हर हफ्ते थिएटर में दो फिल्में देखती हूं। हर दिन कुछ ना कुछ देखती हूं, पर वो जिंदगी का हिस्सा है। लाइफ में और बहुत कुछ करने को है। मैं फैमिली के साथ वक्त बिताती हूं, सितार बजाती हूं, खाना बनाती हूं या कुछ नहीं करती हूं।

**लेकिन इस कॉम्पिटिशन वाली इंडस्ट्री में, जहां सब आगे निकलना चाहते हैं, यह ठहराव या डिटैचमेंट कैसे हासिल किया?**

मैं आपको एक वाकया बताती हूं। मैं 12 साल की थी, जब मुझे मकड़ी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था और उसी हफ्ते मुझे स्कूल में भाषण प्रतियोगिता के लिए सेकंड प्राइज मिला था। मेरे पैरंट्स ने दोनों सर्टिफिकेट को एक ही जगह रखा और बोला कि दोनों महत्वपूर्ण हैं। तब मुझे लगातार गिफ्ट मिल रहे थे। टीचर, प्रिंसिपल सबने बड़ी तारीफ की, मगर घर पर मेरा माहौल इतना ज्यादा सामान्य था कि मेरे लिए वे चीजें बहुत साधारण बन गई थीं, क्योंकि मेरे पैरंट्स ने उस लाइमलाइट से मुझे तभी डिटैच कर दिया था। उस चीज को साधारण बना दिया था। मैंने उस नैशनल अवॉर्ड की अहमियत बहुत बाद में समझी। अगर उस वक्त मेरे पैरंट्स ने ऐसा ना किया होता, तो शायद ऐसा ना होता।

**शो में लेखा और माधव मिश्रा (पंकज त्रिपाठी का किरदार) एक-दूसरे के बैकग्राउंड को लेकर जज करते हैं। समाज में भी लोगों को रंग-रूप, कद-काठी हर चीज के लिए जज किया जाता है। क्या आप कभी किसी जजमेंट का शिकार हुई हैं?**

अमूमन तो नहीं, मगर मैंने बहुत पहले साउथ की एक फिल्म थी, वहां पर मुझे मेरी हाइट को लेकर बहुत बुली किया गया था। जबकि, ऐसा नहीं था कि मेरे कद की वजह से सीन में कोई दिक्कत आ रही थी। हमारे डीओपी बहुत उम्दा टेक्निशियन थे, सब सही जा रहा था, लेकिन फिल्म का हीरो और कुछ असिस्टेंट डायरेक्टर्स मिलकर पता नहीं क्यों मुझे परेशान कर रहे थे। मुझे लगता है कि उनको मजे आ रहे थे।

**सीरीज में आपके किरदार लेखा के प्रिविलेज परिवार से होने पर काफी जोर रहा है। फिल्म इंडस्ट्री में भी प्रिविलेज और नेपोटिजम जैसे विषय खूब चर्चा में रहे हैं। यहां एक आउटसाइडर के तौर पर आपका क्या अनुभव रहा है?**

मेरा तो परिवार है इंडस्ट्री। मैं तो यहीं बड़ी हुई हूं। मेरे बहुत सारे दोस्त इंडस्ट्री से हैं, जिनके परिवार, पूर्वज इंडस्ट्री के हैं। मेरे बहुत सारे दोस्त ऐसे भी हैं, जो सीए, डॉक्टर, इलस्ट्रेटर अलग-अलग लोग हैं। मेरा मानना है कि हर इंसान के बैकग्राउंड के अपने फायदे और नुकसान होते हैं। जैसे, लेखा की ही बात करूं तो वह बेशक प्रिविलेज क्लास से है। उसके पिता नामी वकील हैं, पर उसने उस प्रिविलेज का फायदा उठाकर बड़े केसेज नहीं लिए। उसने तय किया कि पब्लिक प्रॉसिक्यूटर बनेगी। साधारण केसेज लेगी। अपनी प्रतिभा दिखाएगी, ना कि अपने नामी वकील पिता के नाम का फायदा उठाएगी। लेखा का यह आत्मसम्मान मुझे बहुत पसंद है। वह अपने दिमाग से सोचती है, बहुत मेहनती है। इंडस्ट्री में भी ऐसे लोग हैं, तो मेरा इंडस्ट्री में कोई खराब अनुभव नहीं रहा है। इसकी वजह शायद यह भी है कि मैंने बचपन से काम शुरू कर दिया था, तो ज्यादातर लोग मुझे अपने घर का बच्चा मानते हैं।



# 'ब्लैक वारंट' के दूसरे सीजन का अनाउंसमेंट, जेलर बनकर लौटे जहान कपूर

**अगर आपको इस साल की शुरुआत में आया नेटफ्लिक्स का शो 'ब्लैक वारंट' पसंद आया था, तो ये खबर आपके लिए है। नेटफ्लिक्स ने अपने इस सुपरहिट शो के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी है। जिसके बाद ये तय है कि एक बार फिर तिहाड़ जेल की कहानी देखने को मिलेगी।**

## नेटफ्लिक्स ने किया एलान

नेटफ्लिक्स ने अपने हिट शो 'ब्लैक वारंट' के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी है। नेटफ्लिक्स के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी गई। पोस्ट में जहान कपूर का जेलर के किरदार में पोस्टर जारी किया गया है। जिस पर लिखा गया ब्लैक वारंट सीजन 2 कमिंग सून। इस पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, 'सीजन 2 में आपका स्वागत है, जेलर साहब। ब्लैक वारंट सीजन 2 जल्द ही आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर।'

## जेलर के किरदार में लौटे जहान कपूर

सीजन 2 के जरिए जहान कपूर एक बार फिर तिहाड़ के जेलर के रूप में लौट रहे हैं। हालांकि, देखना ये होगा कि क्या जहान इस बार भी तिहाड़ के जेलर रहे सुनील गुप्ता के किरदार में ही नजर आएंगे। या फिर उनका किरदार बदल जाएगा।

## 'ब्लैक वारंट- कन्फेशन्स ऑफ ए तिहाड़ जेलर पर आधारित था पहला सीजन

इस साल की शुरुआत में आए 'ब्लैक वारंट' के पहले सीजन की बात करें तो इसकी कहानी तिहाड़ जेल के जेलर रहे सुनील गुप्ता की किताब 'ब्लैक वारंट- कन्फेशन्स ऑफ ए तिहाड़ जेलर' पर आधारित थी। जिसमें सुनील गुप्ता ने तिहाड़ जेल के अपने अनुभवों को साझा किया है। अब देखना ये है कि सीजन 2 की कहानी भी असल घटना पर आधारित होगी या उससे प्रभावित होगी या फिर ये पूरी तरह से एक फिक्शनल कहानी होगी।

# नीरज घेवान की फिल्म का हिस्सा बनना एक एक्टर के लिए गर्व की बात है

जान्हवी कपूर अपने करियर में अब संजीदा किरदारों को निभाने की कोशिश में लगी हुई। हाल ही में फिल्म 'होमबाउंड' में भी उनके किरदार को कान फिल्म फेस्टिवल में सराहा गया। इसका श्रेय जान्हवी फिल्म के निर्देशक नीरज घेवान को देती हैं। वह आगे भी इस निर्देशक के साथ काम करने की इच्छा रखती हैं। हालिया बातचीत में जान्हवी कहती हैं, 'फिल्म 'होमबाउंड' की शूटिंग खत्म करने के बाद मैंने नीरज घेवान सर को मैसेज भेजा और कहा कि मुझे कोई दिक्कत नहीं है अगर आपकी अगली फिल्म में बैकग्राउंड में एक पेड़ का रोल निभाने को मिले। मुझे बस उनके साथ काम करना है।' जान्हवी का मानना है कि नीरज घेवान की फिल्म का हिस्सा बनना एक एक्टर के लिए गर्व की बात है। जान्हवी कपूर की अगली फिल्म 'परम सुंदरी' है। इस फिल्म में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' नाम की फिल्म भी जान्हवी कर रही हैं। इसके अलावा अगले साल रिलीज होने वाली एक साउथ फिल्म 'पेड्डी' में भी जाहन्वी अभिनय करती नजर आएंगी।




# पुलकित सम्राट ने 'राहु केतु' की शूटिंग की दी जानकारी

पुलकित सम्राट ने सोशल मीडिया पर एक्टर वरुण शर्मा और शालिनी पांडे के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें फिल्म राहु केतु के सेट की हैं। इन तस्वीरों के साथ पुलकित ने फिल्म के शूटिंग शैड्यूल की जानकारी भी शेयर की हैं।

## कहां हो रही है फिल्म की शूटिंग

पुलकित ने इंस्टाग्राम पर फिल्म राहु केतु के सेट से कई तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। वहीं एक्टर ने इन तस्वीरों के साथ फिल्म की शूटिंग की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, कसोल का शेड्यूल जारी, राहु केतु अब एक्शन में। पुलकित ने जैसे ही फिल्म राहु केतु के सेट से तस्वीरें शेयर कीं सेलेब्स ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दीं। फिल्म फुकरे में पुलकित की को-स्टार रहीं ऋचा चड्ढा ने लिखा, प्यारा कृपया आनंद लें और भाई के चुचों को प्यार दें।, पुलकित की इस पोस्ट पर अपारशक्ति खुराना ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। वहीं एक्टर पीयूष मिश्रा ने काले दिव वाला इमोजी बनाया है। पुलकित की इस पोस्ट पर सेलेब्स के अलावा फैंस ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कमेंट किए हैं। एक फैन ने लिखा, शुभकामनाएँ पुलकित भैया, एक और फैन ने लिखा, हॉट पुलकित, एक और फैन ने लिखा, इंस्टाग्राम का सबसे हैंडसम बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट, वहीं कई पुलकित के फैंस ने फायर और लाल दिल वाले इमोजी बरसाए हैं।

राहु केतु को विपुल विग निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म में पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे ने अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म 'राहु केतु' के अलावा पुलकित सम्राट 'ग्लोरी' नाम की फिल्म में भी नजर आएंगे। फिल्म ग्लोरी की शूटिंग कुछ दिन पहले ही खत्म हुई है, जिसकी जानकारी खुद पुलकित ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कर दी थी।





# हाउसफुल 5 के इवेंट में फीस के सवाल पर भड़के अक्षय

**आज अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल 5 का ट्रेलर जारी हो गया है। सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर को खूब सराहा गया है। हाउसफुल 5 के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय कुमार से एक व्यक्ति ने पूछा कि उन्होंने कितनी फीस ली। इस पर अक्षय कुमार भड़क गए। हालांकि उनके जवाब को लोगों ने मजाकिया अंदाज में लिया और सब हंस दिए।**

## अक्षय कुमार ने दिया मजेदार जवाब

हाउसफुल 5 के ट्रेलर लॉन्च इवेंट का एक वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अक्षय कुमार से किसी ने पूछा हाउसफुल 5 के लिए उन्होंने कितना चार्ज किया?

इस पर उन्होंने जवाब दिया अगर मैंने पैसे लिए होंगे तो मैं तुझे क्यों बताऊंगा? तू हमारा भतीजा लगता है? मैंने पैसे लिए, अच्छे खासे लिए। फिल्म बनी, बहुत अच्छे खासे बजट में बनी। बहुत मजा आया। आज खुशी का दिन है तूने मेरे यहां रेड डालना है? अक्षय के इस जवाब ने लोगों को हंसा दिया।

## हाउसफुल 5 के बारे में

ख्याल रहे कि हाउसफुल 5 का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला, वर्दा नाडियाडवाला और फिरुजी खान हैं। हाउसफुल 5 कॉमेडी फ्रैंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन हैं। ये लोग हाउसफुल 3 के बाद फिर से साथ काम कर रहे हैं।

## फिल्म में हैं ये कलाकार

इस फिल्म में संजय दत्त, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, चित्रांगदा सिंह, सोनम बाजवा, सौंदर्या शर्मा, चंकी पांडे, निकितिन धीर और जॉनी लीवर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। हाउसफुल 5 अगले महीने यानी 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# विराट-अवनीत मामले पर बोलीं रकुल प्रीत सिंह


कुछ हफ्ते पहले भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अभिनेत्री अवनीत कौर की इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लाइक कर दी थी। इसके बाद इस मामले की खूब चर्चा हुई थी। हालांकि, इस मामले पर विराट ने सफाई दी थी कि ये इंस्टाग्राम में किसी ग्लिच के कारण ऐसा हुआ था। इस विवाद के चलते अवनीत कौर के इंस्टाग्राम पर लगभग 2 मिलयन फॉलोअर्स बढ़ गए थे, जिसे कई मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था। अब इस मामले पर बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने अपने आपको विराट और अनुष्का का फैन बताते हुए कहा कि वह बहुत दुखद घटना थी।

उन्होंने कहा कि आज लोग इतने खाली हैं कि वो कुछ भी कर सकते हैं। लोगों ने ये तक पता लगा लिया कि अवनीत कौर के इंस्टाग्राम पर दो मिलयन फॉलोअर्स बढ़े हैं। आगे उन्होंने कहा कि कोई किसी की फोटो लाइक करें या ना करें, इसका हम पर प्रभाव ही नहीं होना चाहिए। इसके अलावा अभिनेत्री ने कहा कि कभी-कभी इंस्टाग्राम पर गलती से आपके दोस्त भी अनफॉलो हो जाते हैं। मतलब कोई सेलेब्रिटी है, तो आप उनकी खबर बना देंगे, ये उनके साथ नुकसान है।

अंत में रकुल प्रीत सिंह ने कहा कि विराट जैसा व्यक्तित्व होने पर आप नजर में आ जाते हैं कि आप किसे फॉलो कर रहें या किसे नहीं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के दौर में लोग ज्यादातर समय सोशल मीडिया पर ही बिता रहे हैं।



# अगर आप भी रखते हैं अपने बच्चे को कुछ ज्यादा ही बिजी तो...



सभी माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा सबसे बुद्धिमान हो, पढ़ने-लिखने में सबसे ज्यादा होशियार हो। इसी के चलते वह अपने बच्चों को स्कूल, ट्यूशन, हॉबी क्लासेस में पूरा दिन बच्चों व्यस्त कर देते है, ताकि उनका बच्चा भविष्य में सब चीजों के लिए तैयार हो। पेरेंट्स को ध्यान देना चाहिए कि कहीं उनका बच्चा इतना व्यस्त न हो जाए, वह अपना बचपन ही कहीं खो दे। बुद्धिमान बनने की बजाए कुछ और ही बन जाए।

## माता-पिता क्यों करते है ऐसा?

मां बाप डरते है कि कहीं इस प्रतियोगिता भरी दुनिया में उनका बच्चा पिछड़ न जाए। कई माता-पिता सोशल प्रेशर और दूसरों की देखादेखी भी ऐसा करते हैं। कुछ पेरेंट्स सोचते हैं कि जो हम नहीं कर पाए, वह हमारे बच्चे कर लें। वह बच्चों के माध्यम से अपनी अधूरी इच्छाओं को पूरा कर लेंगे।

## संकेत पर ध्यान

बच्चों द्वारा बहुत ज्यादा एक्टिविटीज उनको थका सकती है और उनको तनाव दे सकती है। यह उनके व्यक्तित्व और सेहत को काफी प्रभावित भी करता है। इसलिए, माता-पिता को सोचना चाहिए और सचेत हो जाना चाहिए क्योंकि ऐसी स्थिति में बच्चा आपसे दूर अपनी एक नई दुनिया बना लेगा। अपने आपको व्यस्त और अकेला समझने लगेगा।

## बच्चों पर क्या असर होता है?

सुबह से शाम तक भागदौड़ और पढ़ाई में व्यस्त रहने से शारीरिक, मानसिक रूप से थक जाते हैं। वह बात-बात पर चिढ़ने लगते हैं। कई बार तो बच्चे एंजायटी या डिप्रेशन से ग्रस्त हो जाते हैं। उनकी इम्यूनिटी कम होने लगती है, जिससे वह बार-बार बीमार पड़ने लगते हैं। बच्चों का फिटनेस लेवल भी बिगड़ने लगता है।



### माता-पिता को क्या करना चाहिए

- बच्चों का एक साथ कई एक्टिविटीज करना उनकी गंभीरता में डाल देता है, जिससे बच्चा किसी भी चीज पर अच्छे से ध्यान नहीं दे पाता। इसलिए बच्चों पर ज्यादा काम या पढ़ाई या जोर न डालें।
- कई माता-पिता बच्चों की उम्र और दिलचस्पी का ख्याल किए बिना उन्हें कई एक्टिविटी करने पर जोर देने लगते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए कि उनपर अपनी मर्जी न थोपें।
- बच्चों की हर एक्टिविटी के लिए समय बनाकर रखें। न ही उन्हें दिनभर टीवी देखने दें और न ही पढ़ाई। बच्चे की दिलचस्पी को देखते हुए उसे उसकी मनपसंद क्लास में डालें।
- अगर आप अपने बच्चे को सच में ही बुद्धिमान और स्मार्ट बनाना चाहते हैं तो बेहतर होगा अपनी सोच में बदलाव लाएं। अपनी खुशी और इच्छा बच्चे पर थोपने की बजाए उसकी खुशी और क्षमता पर ध्यान दें।

## फ्लू होने पर पेनकिलर लेना दिल पर पड़ सकता है भारी

नई दिल्ली। सर्दी-जुकाम या फ्लू जैसे श्वसन प्रणाली से संबंधित संक्रमण के इलाज के लिए दर्द निवारक दवाओं का सेवन भारी पड़ सकता है, क्योंकि इससे दिल का दौरा पड़ने का जोखिम बढ़ जाता है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। निष्कर्ष में पाया गया है कि श्वसन प्रणाली से संबंधित संक्रमण के दौरान नॉन-स्टेरायडल्स ड्रग्स (एनएसएआईडी) के इस्तेमाल से दिल के दौरे का जोखिम 3.4 गुना बढ़ जाता है।



### डायबिटीज होने पर रखें अपनी डाइट का ध्यान

वहीं, अस्पताल में ग्लूकोज के साथ नस में दी जाने वाली दर्द निवारक दवा से इसका खतरा 7.2 गुना बढ़ जाता है. ताइपे सिटी में नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के चेंग-युंग फांग ने कहा, चिकित्सकों को इस बात का पता होना चाहिए कि श्वसन प्रणाली से संबंधित संक्रमण के दौरान एनएसएआईडी के इस्तेमाल से हृदय रोग का जोखिम और बढ़ जाता है।

वहीं दूसरी ओर, जब मरीज को संक्रमण होता है और उसने कोई दवा नहीं ली, तो एक स्वस्थ व्यक्ति की तुलना में उसे दिल के दौरे का खतरा 2.7 फीसदी अधिक होता है. साथ ही, शोधकर्ताओं का मानना है कि संक्रमण मुक्त होने के लिए मरीज ने जब दवाओं का इस्तेमाल किया, तो उसे दिल के दौरे का खतरा गिरकर 1.5 गुना रह गया. यह अध्ययन पत्रिका इन्फेक्शियस डिजिज में प्रकाशित हुआ है.

## बच्चो के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानिए

# सेहतमंद आहार



छोटे बच्चे माता पिता की जान होते है। उनकी खुशी और सेहत का ख्याल रखने के लिए पेरेंट्स खूब प्रयत्न करते है। इसके बावजूद भी कुछ बच्चे स्वस्थ नहीं रहते है और थोड़े से ही मौसम परिवर्तन के चलते बीमार पड़ जाते है। इसके पीछे का कारण बच्चो को दिया गया खान पान है।

बच्चो के स्वस्थ रहने के लिए बहुत जरुरी है की उन्हे पोषण युक्त खाना दिया जाये। बहुत से अभिभावक को इस बारे में जानकारी ना होने के वजह से वो अपने बच्चो को संतुलित आहार नहीं दे पाते और उनके बच्चे बीमार हो जाते है।

बच्चो को खाने में चॉकलेट देने के बजाए, उन्हें अनाज, दूध, अंडे तथा फल खाने को देना चाहिए। बच्चो की अच्छी सेहत के लिए उनका विशेष ख्याल रखने की जरुरत होती है।

### दही

छोटे बच्चे बहुत कुछ उल्टा-सीधा खाते रहते है, जिसके चलते उनका पेट बार बार खराब हो जाता है। ऐसे में पेट को सही रखने के लिए दही फायदेमंद होता है। यह अच्छे बैक्टीरिया का एक बड़ा स्रोत भी है। यदि आप अपने बच्चे को रोजाना एक कप दही खिलाते है तो यह आपके बच्चे की दैनिक डेयरी उत्पाद की जरुरत को पूरा कर देता है। और हम आपको बताना चाहते है की एक कप दूध में दही की तुलना में अधिक कैल्शियम होता है।

अपने बच्चे को एकदम मलाई वाला दही देने के बजाय लो फैट दही में शहद और फल दे तो यह ज्यादा फायदेमंद होगा।


आप चाहे तो रोटी के साथ भी अपने बच्चे को दही दे सकते है।

### फल

बहुत से पेरेंट्स अपने बच्चो को फलो का जूस देते है। लेकिन इसके बजाय यदि आप उन्हें फल देंगे तो ज्यादा बेहतर होगा। शाम को नाश्ते में फल देना तो उनके लिए बहुत ही फायदेमंद है। उन्हे खाना खाने के 2 घंटे पहले खाने के लिए फल दे, वैसे भी बच्चो को शाम को भूख लगती है।

यदि आप उन्हें रोज देंगे तो उनका पेट भी भरेगा और उन्हें खाने तक भूख भी लगेगी। स्वास्थ्य और पोषण काउंसलर के अनुसार उन्हे कई रंग के फलो को खाने के लिए देना चाहिए। फलो में एंटीऑक्सीडेंट होते है जो उन्हें बीमारियों से लड़ने की क्षमता देते है। इसलिए उन्हे खाने के लिए, अंगूर, सेब, केला, स्ट्रॉबेरी आदि दे।

## ऐसे बनाएं पिता अपने बच्चों से प्यार के रिश्तों को मजबूत



आजकल मार्केट में हर रोज कोई न कोई नई टेक्नोलॉजी लांच होती रहती है। ऐसी तकनीकों को जानने के लिए छोटे-छोटे बच्चों में बहुत ही जबरदस्त क्रेज होता है। इसलिए आप इन सब की जानकारी जरूर रखें, ताकि जब आपका बच्चा आपसे कुछ पूछे तो आप उसे बता सकें। जैसे कि नए फोन, गैजेट आदि। ऐसा करने से आप एडवांस होने के साथ ठंडे दिमाग से काम लेने से बच्चों के अच्छे से डील कर सकते है।

अगर फादर घर पर फ्री हो, तो उन्हें चाहिए कि अपने बच्चे के साथ लैपटॉप और टैबलेट पर बच्चों के साथ गेम खेल कर अच्छा समय बिताएं। आपको चाहिए कि अपने बच्चों के साथ बॉन्ड बढ़ाने के लिए, आप डाईनिंग टेबल पर बैठकर किसी सोशल साइट, टेक्नोलॉजी या फिर उनकी पर्सनल लाइफ की बातें करें। अगर आप बच्चों के साथ अपनी बातें करेंगे, तो आप दोनों के रिलेशन पर अच्छा असर पड़ेगा।

### 1. नई तकनीक के बारे में जाने

आजकल बाजार में बहुत सी नई टेक्नोलॉजी आती हैं, जिनमें आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसलिए आपको चाहिए कि आप इन टेक्नोलॉजी के बारे में ज्यादा से ज्यादा ज्ञान रखें ताकि आप अपने बच्चे के साथ अच्छा बॉन्ड बना सकें।

### 2. बच्चों के साथ सोशल साइट पर जुड़े

ज्यादातर देखने को मिलता है कि भारत में बहुत से माता-पिता ऐसे होते है, जो कि अपने बच्चों के साथ किसी भी सोशल साइट पर नहीं जुड़े होते। दूसरे देशों में बच्चों के पेरेंट्स काम-काज करने के साथ-साथ अपने बच्चों के साथ बहुत सी सोशल साइट पर जुड़े होते है। ऐसा करने से वह अपने बच्चों के साथ समय भी बिता लेते है और बच्चों के काम पर निगाह भी रखते हैं। अगर आप कुछ नया करने के बारे में सोच रहे है तो बच्चों को साथ जरूर इस बात को शेयर करें।

### 3. बच्चों के दोस्तों से मिलें

आप काम में चाहे कितना भी बिजी क्यों ना हों। आपको अपने बच्चों के दोस्तों के बारे में जरूर पता होना चाहिए। जिससे आप अपने बच्चे के साथ-साथ उनके दोस्तों के बारे में भी जान सकें। उनकी सही गलत आदतों को जाने की वह कहीं गलत संगत में तो नहीं पड़ गये।

### 4. बच्चों के मन की बात को समझे

आपका बच्चा आपसे कुछ बोलना चाहता है तो आप उसकी बात को सुने और जानें की वह आपसे क्या बोलना चाहता है। अगर उसकी बात आपको सही लगती है तो आप उसकी बात को पूरा करें। साथ ही उसको यह भी समझाएं की कौन सी बात उसके लिए सही है कौन सी गलत।

### 5. उनके सपनों को समझे

बच्चा बड़ा होकर जो भी बनना चाहता है आप उसे जानें। उसकी इस बात को अपनी जिम्मेदारी बना लें और उसके सपने को पूरा करने में आप उसके साथ है अपने बच्चे को इस बात का दिलासा दें। जिससे वह अपनी बातों को आपसे आकर शेयर कर सके।

## खजुराहों की कुछ खास बातें, जिनके कारण हैं दुनियाभर में फेमस

खजुराहो, मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले का एक प्रमुख शहर है, जो काफी समय से प्राचीन एवं शानदार मंदिरों के लिए पूरे विश्व में चर्चित है। खजुराहो मंदिर की बेहतरीन एवं आश्चर्यजनक मूर्तियां पर्यटकों को अपनी तरफ ध्यान खिंचती है। खजुराहो मंदिर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।



खजुराहो में स्थित अनोखे आकार में बनाए हुए सभी मंदिर भारत देश के लिए किसी तोहफे से कम नहीं। यहां के सभी मंदिरों को भारतीय कला एवं खूबसूरत पत्थरों से नवाजा गया है। खजुराहो के मंदिरों की कलाकारी देखकर कोई भी उसे बनाने वाले की तारीफ करना चाहेगा। खजुराहो के चंदेल राजाओं द्वारा बनाई गई हर एक मंदिर में इतनी अच्छी कलाकारी कि गई है जिसे देख ऐसा लगता मानो मूर्तियां खुद ही बोल उठेंगी।

खजुराहो के मूर्तियों से जुड़ी ऐसी बहुत सी बातें भी हैं जिनको जानकर आपकी उत्सुकता और भी बढ़ जाएगी। आखिर इस खजुराहो में ऐसा क्या खास है। जानिए खजुराहो के मंदिरों के बारे में कुछ खास बातें जिन्हें आप शायद ही जानते होंगे।

### खजुराहो नाम कैसे पड़ा?

खजुराहो शहर का नाम खजुराहो इसलिए रखा गया क्योंकि यह शहर प्राचीन समय में खजूर के पेड़ो से घिरा हुआ रहता था। उस समय में इस शहर को खजूरपुरा नाम से जाना जाता था। जो बाद में खजुराहो नाम से जाना जाने लगा।

### बालुई पत्थरो से बना है यह मंदिर

खजुराहो के अधिकतर मंदिरो को बादामी, गुलाबी और पीले रंगो के बालुई पत्थरो से आकार दिया गया है। जो देखने में बहुत ही सुंदर और अपनी ओर आकर्षित करते है।

### कामुक मूर्तियां

इन मंदिरों में कामुक मूर्तियों को लेकर लोगों के बीच धारणा है कि यहां पर सिर्फ कामुक मूर्तियां ही है, लेकिन ऐसा नहीं है यहां पर सिर्फ 10 प्रतिशत ही कामुक मूर्तियां हैं। इसके अलावा और मूर्तियां आम आदमी की लाइफस्टाइल से संबंधित है।

### पुरातनता में है सबसे सर्वश्रेष्ठ इमारत

खजुराहो की मंदिरों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा प्राचीन काल की सबसे संरक्षित इमारत घोषित किया गया है।

### मंदिर के अंदर का हिस्सा

सभी मंदिरो के अंदर के कमरे पूर्व एवं पश्चिम की ओर एक दूसरे से मिले हुए हैं। जिसमे प्रवेश द्वार, एक हॉल, एक मंदिर और एक गलियारा है।

### देवी-देवताओ की छवियां

खजुराहो मंदिर में बनी देवी- देवताओ की अनेक मूर्तियां आकर्षित आकार की बनी हुई है।

### मंदिरो का विभाजन

मंदिरो को चार भागों में विभाजित किया गया है। जो कि पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी एवं उत्तरी है।

### मंदिरो का इतिहास


खजुराहो के मंदिर मध्यकाल में बनाए गए है लेकिन इन्हें फिर से 20वीं सदी में खोज निकाला गया। जिसे संरक्षित किया गया।

### वास्तु प्रतिभा का सबसे बड़ा प्रतीक

खजुराहो का मंदिरों को मध्यकालीन समय के भारतीय वास्तु प्रतिभा का बेहतरीन नमूना माना जाता है।

### मंदिर की संख्या समय के साथ घटती गई

पुराने युग में इस शहर में 85 मंदिर हुआ करते थे, पर अब इनकी संख्या दिनों-दिन घटती जा रही है। इस समय इनकी संख्या 22 ही रह गई है। इसका मुख्य कारण प्राकृतिक आपदाएं है।



## जीभ का रंग बताएगा आपकी सेहत का हाल, जानें ये संकेत

आपकी जीभ की रंगत से सेहत का अंदाजा लगाया जा सकता है। आपने देखा होगा कि कभी-कभी आप जब डॉक्टर के पास जाते हैं तो वह जीभ दिखाने को बोलते हैं। जीभ देखकर वह अंदाजा लगाते हैं कि क्या समस्या हो सकती है और आपकी सेहत कैसी है।

जीभ का रंग और उस पर जमी परत कई बार बीमारियों के संकेत देती हैं, आप भी इन संकेतों को जानकर खुद को अलर्ट रख सकते हैं।

### जानें ये खास संकेत

1- अगर आपकी जीभ का रंग हल्का गुलाबी है और उस पर दाग धब्बे नहीं हैं तो यह स्वस्थ जीभ की निशानी है। ऐसी जीभ नम होती है।

2- दवाओं का साइड इफेक्ट होता है तो जीभ बैंगनी या नीले रंग की हो जाती है। अगर जीभ का रंग ऐसा है तो यह विटामिन बी 2 की कमी, शरीर में दर्द और सूजन का संकेत है। इसके अलावा यह नर्वस सिस्टम में गड़बड़ी का भी संकेत बनता है।

3- चमकते लाल रंग वाली जीभ का मतलब बुखार, अंदरूनी चोट या संक्रमण हो सकता है। विटामिन बी और आयरन की कमी का भी संकेत है।

4- जीभ पर पीले रंग की परत सर्दी, वायरल इंफेक्शन, आंतों की समस्या और अपच का संकेत देती है। विटामिन बी 12 की कमी भी हो सकती है।

5- जीभ में छोटे-छोटे दरार जैसे निशान दिखाई दें तो समझ लें कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हुई है। आप अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

6- अगर आपकी जीभ पर सफेद रंग की मोटी परत है तो यह खराब पाचन और एसिडिटी का संकेत है। यह वायरल इंफेक्शन का भी इशारा हो सकता है।

7- अगर आपकी जीभ का रंग हल्का पीला है तो संभल जाएं क्योंकि यह खून की कमी, आंतों की सूजन, पीलिया, कमजोरी, थकान या नींद की कमी हो सकती है।

8- महिलाओं में जब मासिक धर्म की शुरुआत होती है तो जीभ का अगला हिस्सा लाल हो जाता है। इसके अलावा यह शरीर में कमजोरी और मानसिक परेशानी का लक्षण है।

## पुराने बर्तनों को नया बनाने का ये है आसान तरीका



बर्तन चमकाना बड़ा मुश्किल काम है. उस पर अगर बर्तन जल जाएं तो और मुसीबत हो जाती है. अगर आपके बर्तन भी जल गए हैं और अपनी उम्र से कुछ ज्यादा ही पुराने लगने लगे हैं तो यहां उन्हें नया बनाने के तरकीब लेकर हम आए हैं.

यहां कुछ ऐसे टिप्स दिए जा रहे हैं, जिससे आपके बर्तन और आपका किचन चमकने लगेगा.

- कांच के बर्तन और कप की सफाई के लिए चीनी के पानी का इस्तेमाल करें.
- बर्तनों पर जमे मैल को साफ करने के लिए पानी में थोड़ा-सा सिरका या नींबू का रस डालकर उबाल लें.
- पीतल के बर्तन साफ करने के लिए नींबू को आधा काट लें व इस पर नमक छिड़ककर बर्तनों पर रगड़ने से वे चमकने लगते हैं.
- एल्युमीनियम के बर्तनों को चमकाने के लिए बर्तन धोने वाले पाउडर में थोड़ा-सा नमक मिलाकर बर्तनों को साफ करें.
- जले हुए बर्तनों को साफ करने के लिए उसमें एक प्याज डालकर अच्छी तरह उबाल लें. फिर बर्तन साबुन से साफ करें.
- कुकर से दाग निकलने का ये है सबसे आसान तरीका
- चिकनाई वाले बर्तनों को साफ करने के लिए सिरका कपड़े में लेकर रगड़ें, फिर साबुन से अच्छी तरह धोएं.
- प्रेशर कुकर में लगे दाग-धब्बों को साफ करने के लिए कुकर में पानी, 1 चम्मच वॉशिंग पाउडर व आधा नींबू डालकर उबाल लें. बाद में बर्तन साफ करने की वाले स्क्रबर से हल्का रगड़कर साफ कर लें.
- प्याज का रस और सिरका बराबर मात्रा में लेकर स्टील के बर्तनों पर रगड़ने से बर्तन चमकने लगते हैं.

# ग्राम पंचायत बामनेरा के जिम्मेदारों की अनदेखी से धरती का सुहाग बुझा, लाखों रुपयो की हुई बर्बादी

**ग्राम पंचायत, और जिम्मेदारी की अनदेखी- लाखों की लागत से लगाए सैकड़ों पौधों ने तोड़ा दम**

**कालीकरतूत ने सुखा दिए सैकड़ों पौधे,नहीं डाला पानी**

**देखरेख की अभाव में जिंदगी हार गए पौधे,पानी नहीं देने से कुछ सूखे तो कई मर गए**

**गोचर को विकसित करने के लिए मनरेगा के तहत16लाख खर्च कर 6 सौ पौधे लगाए थे,किसी ने नहीं की देखरेख**

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** पाली जिले के सुमेरपुर तहसील की ग्राम पंचायत बामनेरा की कालीकरतूत सामने आई है,जहां राष्ट्रीय रोजगार अधिनियम के तहत बंजर एवं गोचर चारागाह भूमि को विकसित तथा हराभरा करने को लेकर लगाए गए सैकड़ो पौधे सूखने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक जश्न मनाते हुए हरियालो राजस्थान,हरित पंचायत के साथ कुछ दिनों पूर्व लाखों रुपए खर्च कर मनरेगा के तहत गोचर चारागाह परिसर में पौधे लगाए गए थे जो पौधारोपण के बाद सैकड़ों पौधे मर गए हैं। ग्राम पंचायत की अनदेखी और लापरवाही के कारण सरकारी पैसों को जिम्मेदारों ने पानी में बहा दिया। बिना संरक्षण देखरेख के अभाव में हमेशा के लिए पौधे सूखा दिए। ग्राम पंचायत ने पौधरोपण को लेकर सरकारी पैसों और खजाने का दुरूपयोग हुआ है।जहां अधिकारी और नेताओं ने गोचर भूमि में पौधारोपण किया,वहां जब हाल देखा तो आंखें भर आईं,कैसे जिंदगी हार गए पौधे ...??। ग्राम पंचायत द्वारा गोचर चारागाह पर रोपित किये पौधा पानी बिना के कारण कई सारे पौधे सुख गए हैं,और सुखने की कगार पर हैं। ग्राम पंचायत बामनेरा में हरियालो राजस्थान पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए माहौल जश्न जैसा ही था,जहां कहीं अफसरों से पौधा लगवाकर हरित महोत्सव की शुरूआत की थी,तो कहीं जनप्रतिनिधियों के हाथों से छाया और फलदार पौधे लगाए गए थे। समय पर पानी नहीं देने से सैकड़ो की संख्या में पौधे सुख गए हैं, धरातल पर पौधे नहीं मजदूरों द्वारा खोदे गए खड्डे दिखाई दे रहे है। गोचर में पौधरोपण करते लोगों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया के साथ अखबारों में भी छाए रहे,लेकिन लापरवाही के चलते कुछ दिनों बाद एक एक कर सारे पौधे सुख गए। इन सैकड़ो पौधे के सूखने का जिम्मेदार कौन,,?? यह एक जांच का विषय भी है,क्योंकि सरकार के लाखों रुपए खर्च करने के बाद गोचर में लगाए गए उक्त पौधों को पानी क्यों नहीं मिला। साथ ही पौधों को देखने कोई पहुंचा ही नहीं।



## लाखों रुपयो की हुई बर्बादी

पेड़ लगाओ जीवन बचाओ इस धरती को सर्वाग बनाओ, इस अभियान के तहत ग्राम बामनेरा के गोचर चारागाह भूमि पर जुलाई 2024 के अंदर मनरेगा के दौरान पौधारोपण कार्य लंबे समय तक चला। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप चारागाह भूमि को हरीयाली बनाना मुख्य उद्देश्य पर 15.58लाख खर्च किया। उसमें 9.91लाख श्रमिकों की मजदूरी व 5.67लाख सामग्री के लिए खर्च किए गए। पंचायत ने पौधरोपण तो किया पर देखरेख नहीं की, और नहीं पानी पिलाने के लिए कोई व्यवस्था की गई तथा नही सुरक्षा की। इस प्रकार पंचायत के पास न टयूबवेल न टैंकर की व्यवस्था थी। इसके अभाव में नतीजा यह हुआ कि कुछ पौधे सुख गए, कुछ ही पौधे जीवित रहे हैं। हालांकि सुरक्षा के लिए चारागाह में दो गेट बने हुए हैं और चारों ओर तारबंदी की हुई है। उसके बाद भी नहीं चारागाह का विकास हुआ है न हरीयाली आई। ऐसे में सरकारी धन का दुरूपयोग हुआ है न ही विकसित हुआ, अभियान पूरी तरह विफल रहा।

## पौधे धरती का सुहाग,और आभूषण बुझा

ज्ञात रहे कि पेड़-पौधे धरती के आभूषण,और सुहाग हैं। इनके बिना जिंदगी की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए धरती को हरा-भरा रखने के लिए जिले में हर वर्ष वृहद रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाता है। इस हरित राजस्थान का सपना पूरा करने के लिए सरकार इस पर लाखों रुपए खर्च कर पौधे लगाए जाते हैं। लेकिन सरकार का यह का सपना दम तोड़ता हुआ नजर आ रहा। जहां पौधों को न तो वक्त पर पानी दिया जाता है और न ही बचाने के लिए कोई खास इंतजाम किए जाते हैं।कागजों पर सभी पौधे जिम्मेदारों को हरे भरे दिख रहे हैं।बिना संरक्षण व देखभाल के कारण रोपित किए गए पौधरोपण सूखे व मुरझाए हालत में मिले। यही नहीं पानी बिना सभी पौधों ने एक साथ दम तोड़ दिया। आपको बता दे कि पाली जिले सुमेरपुर तहसील की ग्राम पंचायत बामनेरा में स्थित गोचर चारागाह भूमि पर अलग अलग प्रकार के 6 सौ पौधे लगाए गए थे। लेकिन उक्त पौधों की देखभाल नहीं होने से उसी जगह पर सुख गए हैं। हालांकि जिन स्थानों पर पौधरोपण किया गया है,वहां के जिम्मेदारों की भी जिम्मेदारी होती है। ग्राम पंचायत की लापरवाही कहे या फिर अनदेखी। बांमनेरा में 16 लाख लगाकर 600 पौधे लगाए गए थे। पौधरोपण के बाद उसमें समय पर पानी नहीं पड़ा। जिससे अधिकांश पौधे सूख गए। पौधों की देखभाल सही से न होने के कारण अधिकांश पौधे मुरझा गए हैं,खड्डे में सुखा पौधा खड़ा है। इन्हें बचाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। पौधे लगाने के बाद पानी डालना ही भूल गए जिम्मेदार।

### कागजों में हरियालो रहे धरातल पर सूख गए पौधे

ग्राम पंचायत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मनरेगा योजना के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में हरियाली बिखेरने एवं पर्यावरण को बढ़ावा देने पर सरकार ने फोकस किया गया। इसके लिए बड़ी संख्या में पौधे रोपे गए।जो देखरेख नहीं होने से सूख गए। मनरेगा के तहत वर्ष 2024 में पौधरोपण किया गया था।जहां बांमनेरा पंचायत में लगभग 600 से अधिक पौधे लगाए गए थे।जिसमें ग्राम पंचायत ने पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा किया। लेकिन आज की स्थिति में चारागाह और गोचर भूमि में पौधे नजर नहीं आते। ज्ञात हो कि,पौधरोपण अभियान के तहत जुलाई 2024 में करीबन 16 लाख खर्च कर 600 से अधिक पौधे लगाए गए थे।इन पौधों को बड़ा करने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गई थी। दरअसल किसी ग्राम पंचायत में यदि तीन गांव हैं तो वहां अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं, इस लक्ष्य के तहत चारागाह में 600 पौधे लगाए गए हैं। हर पौधे की जिम्मेदारी पंचायत के सरपंच-सचिव को दी गई थी। यदि पौधा सूखा तो उक्त पौधे की कीमत सरपंच-सचिव से वसूल की जानी थी। इस मिशन को पूरा करते हुए सरकार ने पौधों को बड़ा करने के लिए जमकर बजट खर्च किया है। एक पौधे पर हजारों रुपए तक खर्च किया गया है। इतने खर्च के बाद भी पौधों की सुरक्षा के लिए पानी तक नहीं पिलाया गया।


## Name Change

I hitherto known as PRAHLAD RAY PATOLIA Son of LUNA RAM PATOLIA Self employed residing at Village Punasisar Post Gajusar Teshil Sardarshahar Dist. Churu (Rajasthan), have changed my name and shall hereafter be known as PRAHLAD RAI SHARMA S/o LUNA RAM SHARMA

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत कोटपूतली

क्रमांक- 284 दिनांक- 20/05/25

**ई-निविदा सूचना संख्या 02 / 2025-26 प्रकाशन बाबत् ।**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से सिविल कार्य अनुमानित राशि रू. 360.88 लाख (मय डीएलपी अवधि ) के लिए निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 02.06.2025 सांय 6.00 बजे तक ई - निविदा आंमत्रित की जाती हैं। संबंधित पूर्ण विवरण वेब साईट http: // dipr.rajasthan.gov.in / tenders.asp, http:// eproc. rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

1. UBN No PWD 2526 WSOB 02300
2. UBN No PWD 2526 WSOB 02303

भवदीय
अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत कोटपूतली

DIPR/C/6971/2025

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा. नि. विभाग, विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर

क्रमांक- 350 दिनांक 22/5/2025

**निविदा सूचना संख्या- 07/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्य (1.). सा. नि. विभाग विद्युत खण्ड - द्वितीय जयपुर के अधीन कार्यक्षेत्र के एफ श्रेणी के राजकीय आवासों में विद्युत कार्य वार्षिक दर अनुबन्ध । (2.). सा. नि. विभाग विद्युत खण्ड-द्वितीय जयपुर के अधीन कार्यक्षेत्र के जी श्रेणी के राजकीय के आवासों में विद्युत कार्य वार्षिक दर अनुबन्ध । ( 3 ). सा. नि. विभाग विद्युत खण्ड-द्वितीय जयपुर अधीन कार्यक्षेत्र के चतुर्थ श्रेणी के राजकीय आवासों में विद्युत कार्य वार्षिक दर अनुबन्ध । (4.). सा. नि. विभाग विद्युत खण्ड - द्वितीय जयपुर के अधीन कार्यक्षेत्र के पंचम् श्रेणी के राजकीय आवासों में विद्युत कार्य वार्षिक दर अनुबन्ध । (5) राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ जयपुर के मुख्य भवन में स्थापित सेन्ट्रल एयर कण्डीशनिंग सिस्टम के वार्षिक संचालन एवं रख रखाव का कार्य । (6.). राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ जयपुर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित वाटर कूलर्स एवं आर.ओ. के वार्षिक संचालन एवं रख रखाव का कार्य । हेतु उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा मय दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरीयड) शर्त सहित विद्युत कार्यों हेतु आमंत्रित की जाती है । सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया "https://eproc.rajasthan.gov.in" पर ऑन लाईन सम्पादित की जावेगी ।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http:// dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http://eproc.rajasthan.gov.in http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

इच्छुक संवेदको को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। शुद्धि-पत्र केवल http://eproc.rajasthan.gov.in वेब साईट पर अपलोड किए जाऐंगे ।

UBN NO.: PWD2526WSOB02256, PWD2526WSOB02257, PWD2526WSOB02260, PWD2526WSOB02262, PWD2526WSOB02263

(अरविन्द खत्री)
अधिशाषी अभियन्ता
सा. नि. वि., विद्युत खण्ड-द्वितीय, जयपुर

DIPR/C/6948/2025

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान
### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं ढढेरू भामूवान /2025-26/60-65 दिनांक- 30.05.2025

**निविदा सूचना संख्या 04/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | इन्टरलॉक सड़क निर्माण आम गुवाड में कालकाजी मंन्दिर व सार्वजनिक कुए के पास ढढेरू भामूवान | 999000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 31.05.2025 प्रात 10.00 बजे से 07.06.2025दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 07.06.2025 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 07.06.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http:// sppp. rajasthan. gov.in पर से NIB NO ZCR2526A0331 UBN No ZCR2526WSOB00534 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)


## योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय योग क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित

**धौलपुर** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित सभी उपखण्ड एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में योग आधारित कार्यक्रम किए जाएंगे। इस वर्ष योगा दिवस की थीम "योगा फॉर वन अर्थ वन हैल्थ" रखी गई है। जिसके अन्तर्गत प्रातः 7 से 8 बजे तक विशेष योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टेउट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।


राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

(जिला परिषद परिसर, चूरू- 331001)

E-mail :- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, Phone- 01562-254494
क्रमांक- एफ1()/अ.अ / डब्ल्यूसीडीसी / लेखा / 2024-25 / 270-75 दिनांक- 22/05/25

**ई-निविदा सूचना संख्या - 02 /2025-26**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से एमजेएसए 20 प्रथम चरण के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में एनआरएम मद के अन्तर्गत करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 04.06.2025 को सांय 06.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण "http:// sppp. rajasthan.gov.in", "http://eproc.rajasthan.gov.in" वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।

NIB CODE:- WSC2526A0127
UBN NO :- WSC2526WSOB00235

(मजहर हुसैन)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

DIPR/C/6962/2025

राजस्थान सरकार

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

(जिला परिषद परिसर, चूरू - 331001)

E-mail :- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, Phone- 01562-254494
क्रमांक- एफ1()/अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी / लेखा / 2024-25/241-48 दिनांक-20.05.2025

**ई - निविदा सूचना संख्या - 03 / 2025-26**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में एनआरएम मद के अन्तर्गत करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 04.06.2025 को सांय 6.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है कार्य का विस्तृत विवरण "http://sppp.rajasthan.gov.in", "http://eproc.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।

NIB CODE :- WSC2526A0140
WSC2526A0140
UBN NO :- WSC2526WSOB00250
WSC2526WSOB00251

( मजहर हुसैन)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

DIPR/C/6764/2025

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26 /928 दिनांक- 2/6/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री रामलाल पुत्र श्री श्योला राम नाई | वार्ड नं. 03 राजलदेसर | 253.39 वर्ग मीटर | 69-क |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26/909 दिनांक- 02/06/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावलिया प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अन्दर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्ततु आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती ज्याना देवी पत्नी श्री श्रवण कुमार जाट | वार्ड नं. 04 राजलदेसर | 460.53 वर्ग मीटर | 974 | कृषि भूमि |
| 02 | श्री रूपाराम पुत्र स्व. श्री सुरजाराम जाट | वार्ड नं. 04 राजलदेसर | 543.12 वर्ग मीटर | 974 | कृषि भूमि |
| 03 | श्री मनसाराम पुत्र स्व. श्री सुरजाराम जाट | वार्ड नं. 04 राजलदेसर | 460.57 वर्ग मीटर | 974 | कृषि भूमि |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

## कार्यालय ग्राम पंचायत सडू छोटी
### पंचायत समिति बीदासर

क्रमांकः ग्रा.प./खु.नि./2025-26/15-21 दिनांक- 30.5.2025

**खुली निविदा सूचना संख्या 02 ( वित्तीय वर्ष 2025-26)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सडू छोटी के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुकजी. एस. टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म / शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क.सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि रू मे | बोली प्रतिभूमि राशि (रू में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये) में | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की प्रारम्भ दिनांक एवं समय | प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | ऑनलाइन निविदा खोलने कि तिथी व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत सडू छोटी के समस्त गावों में 06 माह हेतु घर-घर आवासीय एवं व्यवसायिक से कचरा संग्रहरण एवं पृथक्ककरण, सड़क दूकानों के आगे सफाई व नाली की सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 915662 | 18314 | 200 | दिनांक 30.5.2025 से साय 6.00 बजे सें दिनांक 5.6.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 5.6.2025 समय 02.00 बजे | दिनांक 5.6.2025 साय 4.00 बजे |

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदा शुल्क, अमानत राशि का डी.डी./ बैंकर चैक एवं अन्य वांछित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करने होंगे ।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत सडू छोटी कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल https://eproc.rajasthan.gov.in एव http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी. डी. / बैंकर चैक प्रशासक ग्राम पंचायत सडू छोटी के नाम बनाना होगा।
4. किसी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोलीदाता / संवेदक बंद लिफाफे पर ग्राम पंचायत सडू छोटी का नाम लिखकर एवं टेण्डर की कॉपी नियमानुसार कार्यालय ग्राम पंचायत सडू छोटी कार्यालय में जमा करावें ।

NIB code ZCR2526A0337 UBN is: ZCR2526SSOB00540

प्रशासक
ग्राम पंचायत सडू छोटी
पं. स. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सडू छोटी
पं. स. बीदासर (चूरू)

## विधायक राजेंद्र भाम्बू ने सारी में किया पीएचसी भवन का शिलान्यास




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने सोमवार को जिले की सारी ग्राम पंचायत में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का शिलान्यास किया। 143 लाख रूपए की लागत से बनने वाले इस भवन में मोड्यूलर लेबर रूम, पेथोलाजी लैब, दवा वितरण केन्द्र, रजिस्ट्रेशन रूम, वेलनेस रूम, फोर बेडेड वार्ड, ओपीडी, वेटिंग एरिया, डॉक्टर्स क्वार्टर का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर विधायक राजेंद्र भांबू ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार जिले के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिलान्यास समारोह में विशम्भर पूनियां, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, राजकुमार मूंड, हरेन्द्र धनखड, कृष्ण गावडिया, मुकेश पातुसरी, बलजीत शर्मा, आशा सिंह, तेजपाल, प्रधानाचार्य सरोज देवी, नरेंदर सोहू, राजेश सोमरा, बीसीएमओ डॉ. अशोक कटेवा, संदीप डारा, राजकुमार जांगिड, प्रताप, सरजीत, सुल्ताना एसएच ओ रविन्द्र समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़ की अध्यक्षता में सालासर में सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन को मजबूत करने व आगामी पंचायती राज, निकाय चुनाव में पार्टी को और अधिक मजबूत करने पर चर्चा हुई व आवश्यक दिशा निर्देश कार्यकत्ताओं को दिए। इस अवसर पर चूरू सांसद राहुल कस्वा, सुजानगढ विधायक मनोज जी मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी मकबुल मंडेलिया, प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया, अमित बुड़ानिया, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नारायण बालान, रामजी लाल शर्मा, सेवा दल अध्यक्ष संजय दीक्षित उपस्थित रहें। अतिथियों का स्वागत सुजानगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, पूर्व देहात ब्लॉक अध्यक्ष विधाधर बेनीवाल, मुकुल मिश्रा, पूर्व प्रधान गणेश ढाका, उपसभापति अमित मारोठिया, कांग्रेस प्रदेश महासचिव बजरंग सेन ने किया। इस मौके पर यशोदानंदन पुजारी मनोज पुजारी, रामनारायण व्यास, यूनुस खा, इकबाल खा होली धोरा, बसीर खा फोजी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू।** भड़ौन्दा कलां के महालक्ष्मी विद्या कुन्ज मा0 विद्यालय की छात्रा साक्षी खीचंड़ने 96.17% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय में विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे साक्षी ने 96.17%, कंचन 94.33%, लक्षिता 94.33%, कशिश 91.50%, चेतना 90.50%, समरिन 90.17%, कविता 90.00%, साक्षी मेहरा 88.50%, शिवानी 88.50%, अनुषिका 88.33%, तमन्ना 86.00%-कोमल 85.67%, अंकिता 83.67%, बंटी सिंह 82.83% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवांवित किया है। विद्यालय निदेशक सुरेश ने समस्त विद्यार्थी, अभिभावक व स्टॉफ सदस्यों को हार्दिक बधाई दी।

## ठाकुर केशरी सिंह की पुण्यतिथि कल

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** ठाकुर केसरी सिंह की छठी पुण्यतिथि 4 जून को डेजर्ट रिजॉर्ट में मनाई जाएगी। झुंझुनूं युवा राजपूत महासभा के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह वाहिदपुरा ने बताया कि 4 जून को सुबह 10 बजे मुकुंदगढ़ मार्ग स्थित डेजर्ट रिजॉर्ट में ठाकुर केसरी सिंह की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। गौरतलब है कि शेखावाटी क्षेत्र को को पर्यटन के क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने और विश्व मानचित्र पर पहचान दिलाने में ठाकुर केसरीसिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा था और राजनीतिक क्षेत्र में भी काफी सक्रिय रहकर एक अलग छवि के रूप में उन्होंने अपनी पहचान बनाई थी जिसको जिले की जनता आज भी याद करती है। ठाकुर केसरी सिंह इंडियन हेरिटेज होटल एसोसिएशन के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वे 1995 से 1998 तक 4 वर्षों तक राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) के निदेशक मंडल में रहे। उन्हें 1994 से 1999 तक भारत सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से 6 बार उत्तरी भारत के लिए क्षेत्रीय पर्यटन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। ठाकुर केसरी सिंह मेयो कॉलेज अजमेर व शार्दुल एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष भी रहे। वे जयपुर के प्रतिष्ठित अशोक क्लब के गवर्निंग बॉडी के दो बार सदस्य भी रहे उनको राजस्थान में विरासत पर्यटन की शुरूआत करने के लिए याद किया जाता है।

### सहकार से समृद्धि' की राह में मजबूत कदम - एकमुश्त समझौता योजना 2025-26

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किसानों के लिए अभूतपूर्व निर्णय

**प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के किसानों को प्रदेश सरकार की राहत**

**अवधिपार ऋण चुकाने पर पूरा ब्याज माफ, 30 हजार से अधिक पात्र किसान होंगे लाभान्वित**

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कृषक हितों को ध्यान में रखते हुए 'सहकार से समृद्धि' की राह में मजबूत कदम उठाया है। प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को अवधिपार ऋण चुकाने पर पूरा ब्याज माफ किया जा रहा है। सरकार ने एकमुश्त समझौता योजना 2025- 26 के माध्यम से प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के किसानों को राहत दी है।

### यह रहेगी योजना

योजना अंतर्गत प्रदेश के 36 प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के 30 हजार से अधिक पात्र ऋणी किसान व लघु उद्यमी लाभान्वित होंगे। योजना में 01 जुलाई, 2024 को अवधिपार मूल ऋण चुकाने पर लाभ मिलेगा। लाभ उठाने के लिए 25 प्रतिशत मूल ऋण की राशि 30 जून, 2025 तक अवश्य रूप से जमा करानी होगी। शेष राशि 30 सितंबर, 2025 तक जमा करानी होगी। योजना अंतर्गत अधिक जानकारी व मार्गदर्शन के लिए भूमि विकास बैंकों के कार्यालयों में संपर्क किया जा सकता है।

### योजना के मजबूत पक्ष

कृषक हित में सरकार की ओर से योजना पर 200 करोड़ रुपए का व्यय प्रस्तावित है। योजना अंतर्गत मूल ऋण जमा कराने पर ब्याज में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। दण्डनीय ब्याज व वसूली खर्च भी 100 प्रतिशत माफ किया जाएगा। राज्य सरकार समस्त ब्याज राशि व वसूली खर्च वहन करेगी। योजना अंतर्गत मृतक ऋणी किसानों के वारिसान भी लाभ ले सकेंगे और पूर्व में नीलामी के दौरान बोलीदाता के अभाव में बैंक की ओर से क्रय की गई भूमि को भी किसानों को लौटाए जाने का प्रावधान किया गया है।

### चूरू के किसान ले रहे हैं योजना का भरपूर लाभ

एक मुश्त समझौता योजना अंतर्गत प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक, चूरू के लाभार्थी किसान भरपूर लाभ उठा रहे हैं। बैंक में 31 मई, 2025 तक 147 किसान लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अंतर्गत किसानों की ओर से एक करोड़ 24 लाख रुपए वसूली के रूप में जमा करवाए गए हैं और एक करोड़ 69 लाख रुपए की राहत प्रदान की गई है। फिलहाल बैंक के 787 किसानों में कुल 26 करोड़ 71 लाख रुपए बकाया है। किसानों की ओर से 10 करोड़ 93 लाख रुपए जमा करवाने पर राहत 15 करोड़ 78 लाख रुपए की राहत प्रदान की जाएगी।

## महिला को 10 फीट तक घसीटती ले गई क्रेन, गंभीर हालत में जयपुर रेफर

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनू शहर के व्यस्ततम पीरू सिंह सर्किल पर सड़क हादसे में एक मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। मंडावा मोड़ से रेलवे स्टेशन की ओर जा रही बाइक को पीछे से आ रही एक क्रेन ने टक्कर मार दी। सड़क पर गिरी महिला को क्रेन 10 फीट तक घसीटती ले गई। हादसे में महिला का एक पैर बुरी तरह कुचल गया। कोतवाली थाना इंचार्ज हरजिंदर सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। परिजन की रिपोर्ट पर कार्रवाई करेंगे। मामले की जांच कर रहे हैं। आरोपी ड्राइवर फरार है, उसकी तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि महिला सुमन अपने बेटे अमित के साथ बाइक से कैंटीन जा रही थी। पीरू सिंह सर्किल के पास क्रेन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। सुमन को क्रेन सड़क पर घसीटते ले गई। लोगों ने108 एम्बुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को बीडीके अस्पताल ले जाया गया। यहां से सुमन को जयपुर रेफर कर दिया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल महिला के बेटे अमित ने बताया कि हम मंडावा मोड़ से स्टेशन के पास स्थित कैंटीन जा रहे थे। क्रेन को ड्राइवर लापरवाही और तेज रफ्तार से चला रहा था। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। परिवार ने उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## सुलताना में अचानक बदला मौसम, झमाझम बरसात

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** जिले के सुलताना में दोपहर होते ही सुलताना का मौसम पूरी तरह से बदल गया। सुबह से जारी उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे, लेकिन देखते ही देखते आसमान में घने काले बादल छा गए, जिससे दिन में ही रात जैसा नजारा बन गया। इसके तुरंत बाद तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होते ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन इसके दुष्परिणाम भी सामने आए।

### निचली इलाकों में जलभराव से बढ़ी परेशानी

कुछ ही देर की तेज बारिश ने सुलताना के निचले इलाकों को पूरी तरह से जलमग्न कर दिया। बस स्टैंड, मोदी मार्केट, जोधिया रोड, गौरव पथ और एसबीआई बैंक जैसे प्रमुख स्थानों पर घुटनों तक पानी भर गया। जलभराव के कारण इन क्षेत्रों में लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राहगीरों और वाहन चालकों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई।

### यातायात व्यवस्था चरमराई, दुपहिया वाहन चालक फिसले

बारिश के दौरान बाहर निकले लोगों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई दुपहिया वाहन चालक सड़कों पर फिसलते नजर आए, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया। शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। सड़कों पर पानी भर जाने और नालियों की उचित सफाई न होने के कारण जलनिकासी व्यवस्था फेल हो गई, जिससे जलभराव की समस्या और भी गंभीर रूप ले ली।

## भालेरी-राजास गांव के बीच 8 किलोमीटर कच्ची सड़क बनी परेशानी का सबब

**एक झंडा, एक डंडा संगठन ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, डामरीकरण करवाने की मांग**

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के एक झंडा एक डंडा संगठन ने गांव भालेरी से राजास तक सड़क पर डामरीकरण की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन सार्वजनिक निर्माण मंत्री के नाम दिया गया। भालेरी से राजास के बीच करीब 8 किलोमीटर का रास्ता कच्चा है। इस मार्ग पर आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी होती है। छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग और बीमार व्यक्तियों को विशेष कठिनाई का सामना करना पड़ता है। भालेरी में बैंक, अस्पताल और सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित हैं। इन सुविधाओं के लिए राजास के ग्रामीणों को नियमित रूप से भालेरी आना-जाना होता है। संगठन ने ज्ञापन में कहा कि नेता चुनाव के समय सड़क निर्माण के वादे करते हैं। चुनाव के बाद वादे केवल आश्वासन बनकर रह जाते हैं। ग्रामीणों को सिर्फ वोट के लिए सड़क का लालच दिया जाता है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष रूपचंद सहारण, धीरेंद्र सैनी, दिलीप कालेरा, याकूब, भागीरथ भादू, सोनू सोनी और प्रमोद नाई सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

## कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कक्षा कक्षों के लिए की 10 लाख रुपए की घोषणा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए कुड़ियों का बास, झोटवाड़ा में एमएलए लेड से ?10 लाख की लागत से नए कक्षा कक्षों के निर्माण की घोषणा की। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि शिक्षा समाज की नींव होती है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण प्रदान करें। कक्षा कक्षों की कमी से विद्यार्थियों को परेशानी हो रही थी, जिसे अब दूर किया जा रहा है। नए कक्षों के बनने से बच्चों को सुविधाजनक वातावरण मिलेगा, जिससे उनकी पढ़ाई में सुधार आएगा। क्षेत्रवासियों ने कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का आभार जताते हुए कहा, कि हमें पूर्ण विश्वास है कि कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में और भी अभूतपूर्व विकास कार्य करते रहेंगे। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए भारत की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाया है। राजस्थान में डबल इंजन भाजपा सरकार में मजबूत शिक्षा व्यवस्था का निर्माण हो रहा है। न्यू एजुकेशन पॉलिसी के जरिए देश अब उस दिशा में आगे बढ़ चुका है।

## सीवर संधारण समिति की बैठक हुई आयोजित

**सीवर संधारण समिति अध्यक्ष श्री अक्षत खूंटेटा की अध्यक्षता में हुई बैठक**

**सीवर लाइनों के रख-रखाव में आ रही समस्याओं सहित विभिन्न बिन्दुओं पर हुई चर्चा**



**जयपुर(कासं.)।** सीवर संधारण समिति अध्यक्ष अक्षत खूंटेटा की अध्यक्षता में सोमवार को नगर निगम मुख्यालय के पन्नाधाय सभागार में बैठक आयोजित की गई जिसमें वर्षा से पूर्व सीवर लाईनों की सफाई, मैन हॉल, चैम्बर इत्यादि की मरम्मत के कार्यों की प्रगति की समीक्षा, जोन स्तर पर नई सीवर लाईन/मरम्मत के कार्यों की सूची के साथ करवाये जा रहे कार्यों की समीक्षा, सेप्टिक टैंक के स्लज को टेंकर के द्वारा सीवर लाईन के मैनहॉल में खाली किये जाने हेतु सभी जोन क्षेत्र में इस कार्य हेतु सीवर मैनहॉल का चिन्हिकरण किया जाकर टेंकरों को पंजीकृत किये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी जोन अधिशासी अभियन्ता, सीएसआई मौजूद रहे। सीवर संधारण समिति अध्यक्ष अक्षत खूंटेटा ने बताया कि समस्त जोनों में विद्यमान सीवर लाइनों के रख-रखाव में आ रही समस्याओं, सीवर कनेक्शन, रोड कट की अनुमति, अवैध रूप से सीवर लाइन में ठोस अपशिष्ट आदि डाले जाने पर जुर्माना, चालान की कार्यवाही की जाकर राजस्व को बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

## शिविर में 126 लोगों की जांच

जयपुर टाइम्स

**सूरतगढ़(निसं.)।।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एनसीडी क्लीनिक की ओर से 2 जून को उच्च रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन जनता क्लिनिक सूरतगढ़ में किया। इस शिविर में एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा, एनसीडी डाटा एंट्री ऑपरेटर सूरज सेतिया, जनता क्लिनिक के चिकित्सा अधिकारी देवाशीष सेठी, नर्सिंग अधिकारी पंकज कुमार, जितेंद्र सिरोहा, फार्मासिस्ट अंकित जैन, एएनएम प्रीति रानी, लता रानी और लक्ष्मी ने सेवाएं दी। जनता क्लीनिक में आयोजित शिविर में 69 लोगों की जांच की गई जिसमें 6 संभावित मरीज पाए गए जिनका बीपी बढ़ा हुआ था। इसके पश्चात एनसीडी क्लिनिक के कार्मिक और जनता क्लिनिक के चिकित्सक और स्टाफ ने भौमिक कल्याण सेवा अनाथ आश्रम में जाकर वहां पर रहने वाले अनाथ और बेसहारा लोगों की उच्च रक्तचाप जांच कर दवाइयां दी। आश्रम में 57 लोगों की उच्च रक्तचाप जांच एनसीडी क्लीनिक की ओर से चलाए जा रहे उच्च रक्तचाप जागरुकता कैंपेन के अंतर्गत की गई। इस अवसर पर भौमिक कल्याण सेवा अनाथ आश्रम के अध्यक्ष नरेंद्र दास कामड़, कोषाध्यक्ष कांता शर्मा, राधाकृष्ण, श्योराण, संजय सोडा, प्रदीप शर्मा, कृष्ण आलडिया आदि उपस्थित रहे।

## एफआईआईटी इंस्टिट्यूट में 15 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**विजय चौधरी और मनोज किराड़ को श्रेष्ठ फैकल्टी पुरस्कार**

जयपुर टाइम्स




**पावटा(निसं.)।** कस्बे के एफआईआईटी इंस्टिट्यूट में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद विजय चौधरी रहे, जबकि अध्यक्षता संस्थान निदेशक कमल यादव ने की। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम संयोजक बलराज सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर संस्थान में सत्र 2024-25 के दौरान उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले 15 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।समारोह में विद्यार्थियों के साथ-साथ दो शिक्षकों को भी उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विजय चौधरी और मनोज किराड़ को श्रेष्ठ फैकल्टी के रूप में प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक कमल यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, जीवन में सफलता पाने के लिए सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और उचित मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। जो विद्यार्थी लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं, सफलता स्वयं उनके कदम चूमती है।कार्यक्रम के दौरान जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, उनमें दिनेश सिंह शेखावत, निशा शर्मा, संदीप खारवाल, पंकज सैनी, आरती यादव, तनु शेखावत, आयुवान सिंह, विकास सैनी, आयुष स्वामी, सुभाष सैनी, सुनील सैनी, अनु चौधरी, गुंजन चौधरी और कांता धानका प्रमुख रहे।कार्यक्रम का संचालन संस्थान के संकाय सदस्यों एवं छात्र प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। समापन पर संयोजक बलराज सिंह शेखावत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा, जिससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आत्मविश्वास का भी संचार होता है।

## सरपंच ने लगाया ठेकेदार पर मनमानी का आरोप



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अलायला के सरपंच धर्मवीर सिह राठौड़ ने जल जीवन मिशन के ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाया है। सरपंच धर्मवीर सिँह राठौड़ ने बताया कि अलायला ग्राम पंचायत के गाँव रामपुरा में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का कार्य चालु है एवं पाईप लाइन डाले हुए एक महीने से अधिक हो गया। पाइन लाइन ड़ालते समय ठेकेदार ने पूरे गाँव की सड़क क्षतिग्रस्त कर जबकि क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य ठेकेदार का होता है, ठेकेदार ने सड़क को क्षतिग्रस्त कर वैसी की वैसी छोड़ दी जिससे बरसात के कारण पूरे गाँव में बड़े बड़े गड्ढे हो गए है एवं सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त हो जा रही है 11 हजार वोल्टेज का पोल लगा हुआ है उसमें भी कटाव हो गया है। सरपंच ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार ने जान बूझकर ये सब कार्य किया है। सरपंच ने कहा कि उच्च अधिकारियों को भी इसके बारे में अवगत करवा दिया गया लेकिन अभी तक उक्त समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। सरपंच ने उक्त ठेकेदार की फर्म पर कार्यवाही की मांग की है।

## गोपालपुरा गांव होने लगा प्लास्टिक से मुक्त



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बे की निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा में प्लास्टिक देवो, चीनी पावो अभियान की शुरुआत हुई है। सरपंच सविता राठी ने बताया कि इस अभूतपूर्व अभियान में महिलाएं और बच्चों की बड़ी भागीदारी सामने आई है। पंचायत में इस अभियान के प्रभारी हनुमान मेघवाल ने बताया कि पंचायत में 26 किलो थैलियों का प्लास्टिक ग्रामीणों की ओर से लाया जा चुका है। जिसके बदले चीनी दी जा रही है। भींवाराम प्रजापत ने अभियान की सराहना करते हुए दस्तानों और मास्क की आवश्यकता बताई। गांव के ही कवि हरिराम ने दस्ताने व मास्क उपलब्ध करवाने की घोषणा की। विक्रम पंच ने सूरवास ग्राम में भी प्लास्टिक प्राप्त कने का केंद्र स्थापित किया। बनिया बास में कैलाश पूर्व पंच ने प्लास्टिक केंद्र की जिम्मेदारी ली। पंचायत में कार्यरत एलडीसी ज्योति कछावा ने बताया कि गांव में भ्रमण करने पर ये पाया गया कि जिस मोहल्ले के बच्चों व महिलाओं में सफाई की जागरूकता है। वहां अब प्लास्टिक बिल्कुल दिखाई नहीं दे रही है। राठी ने बताया कि मोहल्ले की प्रतियोगिता में नायक मोहल्ला सर्वश्रेष्ठ पाया गया है। लगातार दो महीने के मूल्यांकन में श्रेष्ठ मोहल्ले को पुरस्कृत किया जाएगा।

## यात्री बसों का आवागमन शहर के अंदर से शुरू करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** रेलवे बस स्टेंड व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने एडीएम, एसडीएम को जिला कलक्टर चूरू के नाम ज्ञापन सौंपकर शहर के अंदर से होकर बसों के परिवहन को फिर से शुरू करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष दिनेश पीपलवा ने बताया कि अशोक सर्किल से रेलवे बस स्टेंड होते हुए गणेश मंदिर, लाडनू रोड़ पर सार्वजनिक परिवहन बसों का आवागमन शुरू करके सुजानगढ़ की जनता को राहत दी जाए। क्योंकि अभी जो व्यवस्था चल रही है वो 8-9 किलोमीटर बेवजह परेशान होने वाली व्यवस्था है और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया है कि नए रूट से बसों को दो रेलवे क्रोसिंग का सामना करना पड़ता है, जिससे बसें लेट हो जाती हैं, जबकि पुराने रूट में ऐसी कोई दिक्कत नहीं थी। इसलिए शहर के अंदर से होकर बसों का आवागमन सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन में बताया गया है कि अगर 6 जून तक समस्या का समाधान नहीं किया जाता है, तो आंदोलन करने के बारे में निर्णय जा सकता है। उपखंड अधिकारी ने ज्ञापन समुचित रिपोर्ट के साथ जिला कलक्टर को भिजवाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान नथमल इंदोरिया, ओमप्रकाश माटोलिया, गंगासिंह पड़िहार, सुनील सैनी, धीरज, केसर बटेसर, रोहित, प्रशांत मंगलूणिया, अशोक प्रजापत, सुनील भाटी, तिलोकचंद, आशीष मोदी, रामलाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## हाई टेंशन लाइन का करंट लगने से एक की मौत, एक बच्चा घायल


**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा थाना अंतर्गत गांव हालासर में खेत में तारबंदी करते समय हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर तारबंदी पर तार गिरने से करंट की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं एक बच्चा घायल हो गया। परिजनों ने तुरंत दोनों को राजकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने बुजुर्ग को व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। घायल बच्चे का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार तारानगर के वार्ड तीन निवासी शंकर लाल पुत्र रामनारायण सुथार उम्र 60 साल गांव हालासर के खेत में तारबंदी का कार्य कर रहे थे।

### आयुक्त के आदेश दरकिनार, उड़ा रहे धज्जियां

# छह माह से धूल फांक रहे हैं पार्किंग विकसित करने के आदेश

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एक तरफ जहां अतिक्रमण हटाने के दौरान लोगों के बाईक्स ट्रैक्टर में भरकर ले जाए गए। वहीं इसके बाद जनता की ओर से पार्किंग की मांग तेज कर दी गई। सुजानगढ़ का शोसल मीडिया भी पार्किंग की मांग से भरा नजर आया। दूसरी ओर जनता को किस प्रकार से मुगालते में रखा जाता है, इसका सटीक उदाहरण नगरपरिषद की कार्यशैली से समझा जा सकता है। गांधी चौक स्थित पुराने थाने के पास पार्किंग विकसित करने के लिए 16 अक्टूबर 2024 को ही बोली लगकर टेंडर हो गए थे। लेकिन प्रस्तावित पार्किंग स्थल से अतिक्रमण हटाने की जहमत किसी ने नहीं उठाई, जिसके कारण पार्किंग विकसित नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर 2024 को लगी बोली में दो फर्मों - प्रिंस कन्स. कंपनी, सुजानगढ़ और महावीर इंजी. वर्क्स, सुजानगढ़ ने भाग लिया था और 3


कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

कार्यालय आदेश

लाख में बोली महावीर इंजी. वर्क्स सुजानगढ़ के पक्ष में रही।

### इनका कहना है

इस बारे में नगरपरिषद आयुक्त मघराज डूडी ने बताया कि पार्किंग को लेकर फिर से निर्देश दे दिये गये हैं। जल्द ही पार्किंग के लिए अतिक्रमण को हटाया जायेगा और वहां पर पार्किंग शुरू कर दी जायेगी। इसके लिए एसबीबीजे बैंक के सामने और पुरानी नगरपरिषद भवन के पास जगह चिन्हित की हुई है।

### 6 महीने से फाईलों में दबे पड़े हैं आयुक्त के आदेश

इसके बाद 11 अक्टूबर 2024 को नगरपरिषद के आयुक्त की ओर से एक आदेश जारी किया गया। जो कि राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा, स्वास्थ्य निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी के नाम से जारी था। आदेश में कहा गया था कि सुजानगढ़ में पार्किंग व्यवस्था के लिए 16 अक्टूबर 2024 को निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसके लिए एसबीबीजे बैंक के सामने व पुरानी नगरपरिषद भवन के पास स्थान निर्धारित किए गए हैं। चूंकि मौके पर वर्तमान समय में लोगों ने अस्थाई अतिक्रमण कर रखा है। जिसके कारण सफल बोलीदाता को पार्किंग व्यवस्था चालू करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अतः उक्त पार्किंग व्यवस्था के लिए 3 दिन में अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जाकर आयुक्त को रिपोर्ट पेश की जाए।

### टीम गठित नहीं होने का बहाना

इस आदेश की पालना रिपोर्ट राजस्व निरीक्षक मुनालाल मीणा, स्वास्थ्य निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी को पेश करनी थी, लेकिन दोनों ने इस आदेश की पालना के लिए कोई समुचित कदम नहीं उठाया, जिसके कारण पार्किंग विकसित करने का काम करीब 6 माह से पेंडिंग चल रहा है। दोनों से सम्पर्क करने पर उन्होंने जयपुर टाइम्स को बताया कि पुलिस के साथ टीम का गठन नहीं हो पाया, जिसके कारण ये पार्किंग चालू नहीं हो पाई। अब सोचने वाली बात से है कि अब तो पुलिस और नगरपरिषद दोनों मिलकर अतिक्रमण हटा रहे हैं, तो सबसे पहले पार्किंग विकसित करने पर जोर क्यों नहीं दिया गया? अगर 6 माह पहले ये काम हो जाता, तो कम से कम व्यापारियों के वाहन को पार्किंग में होते। लेकिन सारे मामले को केवल फाइलों में दबाकर रखा गया और बाजारों में ट्रैफिक समस्या का ठीकरा जनता के सिर पर फोड़ा जाता रहा।

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पीएमश्री टांटिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा अशोक कुमार पारीक के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 5, 8,10,12 के बोर्ड टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कक्षा 5 की प्रभारी कुमकुम ने बताया कुल 13 विद्यार्थियों ने इस बार परीक्षा में भाग लिया। जिसमें से तीन को ए ग्रेड ,10 ने बी ग्रेड प्राप्त किया। इस प्रकार पांचवी का परीक्षा परिणाम 100% रहा। कक्षा 8 के प्रभारी ताराचंद शर्मा व उर्मिला जाडीवाल ने बताया कि कक्षा आठवीं में इस वर्ष 62 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें से ए ग्रेड में एक विद्यार्थी, बी ग्रेड से 27 विद्यार्थी व सी ग्रेड से 34 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कक्षा आठ का परीक्षा परिणाम 100% रहा। कक्षा 10 के प्रभारी आशाराम व मनीष ने बताया कि कक्षा 10 में इस वर्ष 136 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। जिसमें से 50 प्रथम श्रेणी से, 55 द्वितीय श्रेणी से, 11




विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए इस प्रकार कुल परीक्षा परिणाम 86.50% रहा।प्रधानाचार्य राजकुमार माली ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 12 में तीनों संकायों में ही विद्यालय ने 100% परीक्षा परिणाम अर्जित किया है। कला संकाय में 97.60% अंक प्राप्त करके चंद्रकला पारीक पुत्री कैलाश पारीक ने ब्लॉक टॉप किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने कहा कि विद्यालय ब्लॉक का एकमात्र पीएमश्री बालिका विद्यालय है। जिसमें बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है व हर वर्ष उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करना विद्यालय की परंपरा रही है। उन्होंने बताया उत्कृष्ट परिणाम के साथ-साथ विद्यार्थियों के नैतिक व चारित्रिक विकास पर भी बल दिया जाता है। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य विकास परीक, नंदलाल पारीक, कृष्ण गोपाल शर्मा, शशिकांता शर्मा, नीलम चौधरी, कौशल्या शर्मा, उर्मिला धरेन्द्र, जाकिर का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश सांकृत्य ने किया।

## पिछली भर्ती का अंतिम परिणाम जारी होने के बाद परीक्षा आयोजित करवाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 का आयोजन आरएएस 2023 के अंतिम परिणाम के जारी हो जाने के बाद करवाए जाने की मांग की गई है। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अभ्यर्थी रामकिशोर जाखड़, दिनेश बीडासरा, सुरेश कुमार, कुसुम आदि ने बताया है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस मुख्य परीक्षा 2024का आयोजन 17 व 18 जून को करवाया जाना प्रस्तावित है। लेकिन इसे आरएएस 2023 के अंतिम परिणाम के जारी हो जाने के बाद आयोजित करवाया जावे। क्योंकि जो अभ्यर्थी पहले वाली परीक्षा में भाग लेकर साक्षात्कार तक पहुंच गए, वो भी दुबारा इस परीक्षा में बैठेंगे, जिससे अभ्यर्थियों के दोहराव की समस्या पैदा हो गई है।

## चूरू में बारिश के बाद लोगों को मिली गर्मी से राहत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अंचल में पड़ रही भयंकर गर्मी से सोमवार दोपहर तीन बजे हुई बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार दो बजे बाद मौसम सुहावना हो गया और दोपहर 2:30 बजे बाद हुई बारिश से लोगों के चेहरे खिल उठे। हालांकि ये मानसून की बारिश नहीं है, फिर भी लोगों को कुछ हद तक गर्मी से निजात मिली है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को चूरू में शाम 6 बजे तक 11.8 एम.एम. बारिश दर्ज की गई और उसके बाद भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। मौसम विभाग की माने तो तीन दिन तक यही सिलसिला चलने की संभावना है। वहीं अधिकतम तापमान 38.02 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं बारिश के बाद पानी निकासी के अभाव में आमजन की मुश्किलें बढ़ गई। शहर के लोहिया कॉलेज, सीटी पोस्ट ऑफिस के पास, डीबी अस्पताल, रेस्ट हाउस, चांदनी चौक, जौहरी सागर क्षेत्र, पुराना बस स्टैण्ड सहित जगह-जगह गंदा पानी जमा हो गया। जिससे वाहन चालकों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## लखावत की पत्नी के निधन पर शोक

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राज्यसभा के पूर्व सांसद और मौजूदा समय में राजस्थान धरोहर संरक्षण व प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत की पत्नी रतन कंवर के निधन पर भाजपा सीकर जिला प्रभारी दिनेश धाभाई, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी , पीएल फरडोंलिया, एसएन शर्मा आदि ने रतन कंवर के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। भाजपा सीकर जिला प्रभारी दिनेश धाबाई ने कहा की रतन कंवर के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है।

## बरसाती पानी के भराव से लोग परेशान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बे में सोमवार को दोपहर बाद हुई बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बारिश के कारण कई सड़कों पर अस्थायी रूप् से पानी भर गया, जिसमें लाडनू बस स्टेंड, नलिया बास, बाई पास रोड़ आदि शामिल हैं। इसी प्रकार वार्ड न. 10 में बरसाती पानी से जमालपुरा में बरसाती पानी भर गया, जिससे चांद नगर में आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद प्रतिनिधि जावेद खिची ने बताया कि नालों की सफाई इस मोहल्ले में नहीं हो पाई, जिसके कारण लोगों की दिक्कतें काफी बढ़ गई हैं। खास बात ये है कि इसी रास्ते पर तिरपालों के गोदाम स्थित है, जिनमें दूसरे गांवो से आने वाले ग्राहकों और खुद दुकानदारों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## राजस्थान में 190 सरकारी स्कूल बंद करने का एसएफआई ने जताया विरोध



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में छात्र संगठन एसएफआईं ने सरकारी स्कूलों को बंद करने के फैसले का विरोध किया है। संगठन ने उपखंड अधिकारी डॉ दिव्या चौधरी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। राज्य सरकार ने 190 सरकारी स्कूलों को बंद करने को लेकर फैसला लिया है। इनमें से 21 स्कूलों का विलय किया जाएगा और 169 स्कूलों को बंद किया जाएगा। एसएफआई ने मांग की है कि सरकार इस फैसले को वापस ले। साथ ही शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देना बंद करे। एसएफआई के जिला सचिव संदीप भारतीय ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार अध्यादेश जारी कर सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है। उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर किसान, मजदूर वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार अपना फैसला नहीं बदलती है तो पूरे प्रदेश में आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर भरत राज बरोड़, शुभम मीणा, अनिल बरोड़, आरिफ खान, संजय, रविन्द्र सिंह, घनश्याम राव, रामबाबू मीणा, विष्णु मीणा और अनुराग पोटलिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सैनी का आईआईटी में चयन होने पर खुशी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम सैनी की दोहिती उन्नति पुत्र नीरज सैनी नवलगढ़ व पोत्र आयुश पुत्र अनिल कुमार सैनी का आईआईटी - एनआईटी में चयन होने पर पार्षद मो0 इब्राहिम रंगरेज, महेश जोशी, दीपक खाण्डल, सलामुद्दीन लीलगर आदि ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया है और दोनों बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## उप तहसील कार्यालय पर किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे में पिछले 48 दिनों से लगातार धरना जारी है। सोमवार को धरना करने वाले ग्रामीणों ने उप तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। दीनदयाल गुलेरिया ने बताया कि पिछले 48 दिनों से प्रशासन के खिलाफ रेहड़ी चालकों की ओर से उनके उचित स्थान को लेकर बार स्थानीय प्रशासन व जिला कलेक्टर चूरू को अवगत करवाने के बावजूद अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ज्ञापन देने वालों में संदीप, वीर बहादुर, रामनारायण प्रजापत, ओमप्रकाश डूडी, मनोहर सुरेन्द्र सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
03 जून, 2025

## चूरू तहसील के गांवों में भूमि के रिकॉर्ड व भू-नक्शा के ऑनलाइन को लेकर पर्चा वितरण शिविर आज से

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले की चूरू तहसील के गांवों में भू-प्रबंध विभाग की ओर से भूमि के रिकॉर्ड व भू-नक्शा के ऑनलाइन को लेकर पर्चा वितरण शिविर मंगलवार से आयोजित किए जाएंगे। तहसीलदार अशोक गोरा ने बताया कि यह डिजीटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम की केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजना है। उन्होंने बताया कि 3 व 04 जून को बास घंटेल गांव में राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, ढाणी मुनीमजी में देवनारायण मंदिर, 5 जून को आसलखेड़ी के अटल सेवा केन्द्र, 6 व 9 जून को गाजसर के राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, 10 जून को घंटेल के ग्राम पंचायत भवन, 11 जून को झारिया के आईटी सेंटर, 12 व 13 जून को खींवासर के अटल सेवा केन्द्र व कोटवाद नाथोतान के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पर्चा शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस शिविर के माध्यम से किसान पर्चा प्राप्त कर भूमि रिकॉर्ड को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। सोमासी व रिड़खला गांव के शिविर पूर्व में लगाए जा चुके हैं। इसके लिए पर्चे तहसील से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने 'वंदे गंगा - जल संरक्षण जन अभियान' को लेकर दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार सोमवार को चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने चूरू उपखण्ड कार्यालय में बैठक लेकर वंदे गंगा - जल संरक्षण पखवाडा- 2025, योग दिवस और हरियालो राजस्थान के संबंध में आवश्यक तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए। एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने नगर निकाय स्तर पर स्वच्छता जागरूकता रैली, मुख्य स्थानों पर बैनर, शहर के पुराने जल स्रोतों का चिन्हीकरण कर उनकी साफ-सफाई करवाने, स्कूल परिसर में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली की स्थापना करने, पौधारोपण के लिए कार्ययोजना तैयार करने, योग के लिए स्थान चयन करने व योग दिवस को सफल बनाने और वन विभाग से समन्वय कर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अधिकाधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार अशोक गोरा, बीडीओ महेन्द्र कुमार भार्गव,, सीबीईओ भंवरलाल डूडी, रेंजर पवन शर्मा, पीए सुरेश कुमार, पीएचईडी एक्सईएन प्रेम कुमार, डिस्कॉम एक्सईएन वीएल सैनी, सानिवि एक्सईएन राजेन्द्र बड़गुर्जर, नगरपरिषद एक्सईएन पूर्णिमा यादव, प्रोग्रामर इंद्राज सिंह, सीडीपीओ चंद्रकला व शीतल बत्रा, आयुर्वेद से डॉ कविता, वाटरशेड से नागरमल, नगरपालिका से शंकर पूनिया आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान जाट महासभा की कार्यकारिणी का विस्तार

### संरक्षक मंडल का किया गठन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में राजस्थान जाट महासभा की इकाई का गठन कर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर प्रो एलएन आर्य ने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है। बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। जिला अध्यक्ष रणवीर कस्वां व राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामरतन सियाग कहा कि हमें संगठन को गांव गांव एवं ढाणी ढाणी तक पहुंचना है। इस अवसर पर अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद सारण, उपाध्यक्ष लक्ष्मणसिह बडजाती, महामंत्री इन्द्राराम राव, कोषाध्यक्ष रतीराम सारण, प्रचार प्रसार मंत्री बृजलाल ढाका, संगठन मंत्री कन्हैयालाल मूण्ड, शिक्षा प्रसार मंत्री प्रो मुखराम सारण, कौशल विकास मंत्री धनपत सारण, प्रवक्ता शंकरलाल कड़वासरा, कार्यकारिणी सदस्य व संरक्षक मण्डल का भी गठन किया गया। इस अवसर पर नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी, रेवंतराम बेनीवाल, रामेश्वर दयाल मुंड, दौलतराम सारण बंधनाऊ, हीरालाल बेनीवाल, पूर्णाराम कुलहरी, मालचन्द गोदारा, प्रभुराम सियाग, भंवरलाल सारण, जोतराम बाटण, केसरमल सारण, गणेश दूत, इंद्राज दिलदारिया, संदीप होंडा, हिराणु चौधरी, शर्मिला, भंवरी देवी सहित अनेक समाज के जन प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

### युवक को ढूंढने की गुहार लगा रहा परिवार, फूट फूट कर रो रही बेटी

# 60 दिन के टूरिस्ट-वीजा पर दुबई गया, 23 महीने से लापता युवक के परिजन परेशान

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** मेरे पापा हमसे बात किए बिना एक दिन भी नहीं रहते थे...अब दो साल होने को आए हैं...वे दुबई गए थे...उनका कुछ पता नहीं है..हम बहुत परेशान हैं...हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील है कि पापा को तलाश करने और भारत लाने में हमारी मदद करें..। दो जून की रोटी कमाने झुंझुनूं के मणकसास गांव से 2023 किमी दूर दुबई गए राकेश कुमार जांगिड़ (39) 23 महीनों से लापता हैं। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। वे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। राकेश की बेटी खुशी (18) ने हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पिता को ढूंढकर लाने की भावुक अपील की।



### राकेश के लापता होने के बाद से परिवार की खुशियां भी गायब

*राकेश कुमार खुद 12वीं तक पढ़े हुए हैं। उसकी शादी 2005 में मनोज देवी से हुई। तीन बच्चों में सबसे बड़ी बेटी खुशी (18) कॉलेज में फर्स्ट ईयर में है, इसी साल उसने 12वीं क्लास पास की है। दूसरी बेटी दीप्ति (13) 8वीं क्लास में है। सबसे छोटा बेटा सनी (11) छठी क्लास में है। राकेश के लापता होने के बाद पत्नी मनोज देवी सिलाई का काम करके परिवार का पालन पोषण कर रही हैं। परिवार ने बताया कि फोन बजता है तो लगता है कि राकेश के बारे में कोई सूचना होगी। बहुत परेशान हैं। सरकार हमारी मदद करे।*

### ..और रो पड़ा पूरा परिवार

राकेश की बेटी खुशी ने कहा कि मेरे पापा राकेश कुमार जांगिड़ जयपुर एयरपोर्ट से 21 जून 2023 को दुबई गए थे। सीकर के एजेंट ने पैसे लेकर 2 साल का वर्क परमिट वीजा देने का वादा किया था। लेकिन 60 दिन का टूरिस्ट वीजा भेजकर दुबई बुला लिया। पापा से 6 जुलाई 2023 को आखिरी बार बात हुई। इसके बाद न फोन आया और न बात हुई। दो साल होने को आए हैं, कुछ अता-पता नहीं है। हम परेशान हैं। मां (मनोज देवी) रोती रहती हैं। सब जगह धक्के खा लिए। पापा के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सीकर के एजेंट बनवारी लाल का भाई हरिराम दुबई में एक कंपनी में काम करता है। उसी के पास पापा गए थे। बनवारी और हरिराम ने मदद नहीं की। मेरी मम्मी ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई तो धमकियां देने लगे। ये वीडियो शेयर करें ताकि पापा को पता चले कि घर वाले कितने परेशान हैं। मां कैसे हमें पाल रही है। मदद को कोई आगे नहीं आ रहा। मेरे अलावा मेरे दो छोटे भाई-बहन भी हैं। हमारी पढ़ाई पर बहुत असर पड़ रहा है।

### दुबई-उदयपुरवाटी में मामला दर्ज, राकेश का कुछ पता नहीं

राकेश की पत्नी मनोज देवी ने 2 मई 2024 को नीमकाथाना जिले के उदयपुरवाटी थाने में सीकर के एजेंट बनवारी और उसके भाई हरिराम जांगिड़ के खिलाफ फ्रॉड का मामला दर्ज कराया। रिपोर्ट में बताया कि मेरे पति राकेश कुमार जांगिड़ पुत्र राधेश्याम को सीकर के कटराथल गांव निवासी हरिराम पुत्र रामेश्वर ने गल्फ गेट टाइल वर्क कंपनी में काम करने के लिए दुबई बुलाया था। उसके एजेंट भाई बनवारी ने 2 साल का वीजा बनाने के 1 लाख 20 हजार रुपए लिए थे। लेकिन 60 दिन का टूरिस्ट वीजा (15 जून 2023 से 13 अगस्त 2023) देकर पति को दुबई भेज दिया। 21 जून 2023 को पति जयपुर एयरपोर्ट से फ्लाइट से दुबई गए। 6 जुलाई तक हरिराम के साथ काम किया। आखिरी बार 6 जुलाई को पति से बात हुई थी। इसके बाद उनकी कोई खबर नहीं है। कुछ महीने बाद 8 मार्च 2024 बनवारी लाल का फोन पर वॉइस मैसेज मिला। कहा कि तुम्हारा पति जेल में है। इसके बाद मेरे जेठ मक्खनलाल दुबई गए। वहां पता चला कि राकेश किसी भी जेल में नहीं है। हरिराम से बात की तो बताया कि वह मेरे पास से चला गया था। मक्खनलाल ने दुबई के देहरा क्षेत्र में पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। 26 मार्च 2024 को दुबई पुलिस का मैसेज मिला, जिसमें मुराकबत (पूर्वी दुबई) पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की केस फाइल होने की बात कही गई। पत्नी ने कहा कि मुझे शक है कि पति के साथ कोई घटना हुई है लेकिन बनवारी और हरिराम नहीं बता रहे हैं। मनोज देवी ने 24 सितंबर 2024 को नीमकाथाना एसपी से मुलाकात कर पति की गुमशुदगी को लेकर पत्र दिया और मदद की गुहार लगाई थी।

## कल्पवृक्ष खेजड़ी राजस्थान का जीवनदायी पेड़

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** खेजड़ी का पेड़ राजस्थानी लोक जीवन में काफी महत्व रखता है। हरी सांगरी सब्जी बनाने के काम आती है। सूखने के बाद में खोखा फल, गोंद लड्डू बनाने, हरी सूखी पत्तियां पशुओं का चारा, लकड़ी ईंधन, पेड़ की छाया, ऑक्सीजन, पक्षियों का आश्रय पशुओं का विश्राम स्थल, वृक्ष के नीचे की जमीन उपजाऊ, शुभ अवसर पर हरी डाली बधाई स्वरूप आदि अनेक गुण शमी खेजड़ी के पेड़ में भरे पड़े हैं। रामनिवास तेतरवाल ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन का हिस्सा हैं और विक्रम संवत 1956 जिसको छप्पनिया काळ भी कहते हैं, पूरे भारतवर्ष के अंदर भयंकर अकाल का वर्ष था। ना तो अन्न का दाना और ना ही पानी की बूंद, चारों तरफ त्राहिमाम हुई। मनुष्य, जानवर, पक्षी काल के ग्रास बन गए। माताएं बच्चों को कहकर जाती मैं रोटी लेकर आ रही हूं, जो कभी वापस नहीं लौटी। बड़े बुजुर्गों ने अपनी आंखों के सामने छोटे-छोटे दूध मुंह बच्चों को भूख से बिलखते मरते देखा अपनों को बिछड़ते देखा। जो जीवित बच्चे थे, वह भी कंकाल बन गए थे। माताओ के आंसू सूख गए लाशो पर चील कौवे मंडरा रहे थे। काल का ऐसा विभत्स दृश्य जिसको सुनकर रूँह कांप जाती है। उस समय जीवन दायिनी शमी का पेड़ खेजड़ी काम आया। इसकी तने की छाल को उतारकर ओखली में कूट छानकर छोटी सी रोटी बनाया करते और जो जीवित बचे थे, वह छोटे-छोटे टुकड़े करके खाते। तेतरवाल ने बताया कि उस वक्त ईमानदारी थी, जो जिस खेजड़ी को थूथकार लेता यानी अधिकार जता देता, उसके छिलके कोई दूसरा नहीं उतारता। भले ही उसे भूख से मरना मंजूर था। फिर



फाल्गुन महीने में बरसात हुई और घास हुआ उस घास में छोटे-छोटे दाने थे। फिर उन छिलकों में दाने मिलाकर, रोटी बनाना शुरू किया। इस प्रकार जीवन निरंतर चलता रहा और कुदरत का करिश्मा चैत्र माह में भारी बरसात हुई और खेतो में अड़क बाजरी यानि बिना बोये बाजरी हुई। लेकिन खाने वाले ही बहुत कम बचे थे। इस प्रकार खेजड़ी को कल्पवृक्ष की संज्ञा दी गई है और काल के समय में खेजड़ी का मानवीय जीवन में काफी महत्व रहा।

## आयुष्मान कार्ड का करें समयबद्ध व शत प्रतिशत वितरणः सीएमएचओ

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने सोमवार को चिकित्सा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में चिकित्सा अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने आयुष्मान चिरंजीवी कार्ड का वितरण कम संख्या में होने पर शत प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने, एनपीएनसीडी कार्यक्रम अन्तर्गत स्क्रीनिंग उपचार व फॉलोअप समय पर करने निर्देश दिए तथा साथ ही आरसीएच गतिविधियों व परिवार कल्याण कार्य के निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा की। आरसीएचओ डॉ राजेश गुप्ता एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अहसान गौरी ने आरसीएच गतिविधियों की समीक्षा करते हुए वर्ष 2024-25 में न्यून प्रगति दर्ज करने वाले संस्थान प्रभारीयों से उनके चिकित्सा संस्थान मे प्रगति सुधार के संबंध में चर्चा की व शत प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने के निर्देश दिए। डॉ अहसान गौरी ने बताया कि सरदारशहर, तारानगर व चूरू आदि तीन खण्डों में समय पर सैक्टर बैठक का आयोजन किया जाए। साथ ही आईसीडीएस विभाग से समन्वय स्थापित कर उनका सहयोग लिया जाए। उन्होंने नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, धातरी महिला, गर्भवती महिला, तीन माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, कुपोषित बच्चों व अति कुपोषित बच्चों की चिन्हित कर उन्हें चिकित्सा सुविधा देना सुनिश्चित करें। इसी के साथ परिवार कल्याण कार्यक्रम अन्तर्गत दो बच्चों पर नसबंदी, अन्तरा इन्जेशन व पीपीआईयूसीडी के निर्धारित लक्ष्य दर्ज करना सुनिश्चित करें। उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रवीण झुरिया ने बताया कि जिले में मौसमी बिमारियों, हीटवैब से संबंधित सभी उचित प्रबन्धन किए जाएं। जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ वेदप्रकाश ने बताया कि जिले के समस्त संस्थानों पर टीबी रोग से ग्रसित होकर आने वाले समस्त मरीजों को समय पर जांच व दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाएं। एनसीडी के जिला समन्वयक प्रेम शंकर शर्मा ने बताया कि जिन व्यक्तियों का आधार कार्ड बन चुका है, उन सभी का आभा आईडी बननी है। इसलिए सभी लाभार्थियों की आभा आईडी बनाएं। बैठक में चेतन शर्मा, रामदेव सिंह, हेमराज शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा, अनिल सहारण विरेन्द्र सिंह सन्दीप कुमार सहित सरदारशहर व तारानगर के खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खण्ड कार्यक्रम प्रबन्धक व सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने किया अस्पताल गेट पर प्रदर्शन

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल के साथ की अभद्रता

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर सोमवार को यूथ कांग्रेस ने अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर नगर परिषद के सामने से जुलूस निकाला। जुलूस में सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं में सुधार की मांग करते हुए नारेबाजी की। यह जुलूस अस्पताल के गेट पर पहुंचा, जहां यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष आसिफ खान की अगुवाई में नारेबाजी करते हुए जाम लगा दिया। अस्पताल प्रशासन और पुलिस की ओर से काफी समझाइश के बावजूद भी जब कार्यकर्ता गेट से नहीं हटे तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें



खदेड़ दिया। पुलिस ने मौके से छह लोगों को डिटेन भी किया है। प्रदर्शन के दौरान अस्पताल के सफाईकर्मी यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सामने पहुंच गए और सफाई व्यवस्था पर राजनीति नहीं करने को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। सफाईकर्मियों का कहना था कि उन पर कोई राजनीति नहीं करें। यूथ कांग्रेस और सफाईकर्मी आमने सामने होते, उससे पहले ही पुलिस ने दोनों पक्षों से समझाइश शुरू कर दी। गेट पर मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार मांग पत्र लेने भी पहुंचे, लेकिन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ व्यक्तिगत नारेबाजी शुरू कर दी। जिलाध्यक्ष आसिफ खान ने प्रिंसिपल की तरफ चूड़ियां फेंकी। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल ने आरोप लगाया कि अस्पताल के गेट पर मरीजों की जान जोखिम में डालते हुए हंगामा कर रहे लोगों की मांग सुनने के लिए जब गेट पर पहुंचे तो उनके साथ धक्का मुक्की करते हुए अभद्रता की गई। डीएसपी सुनील झाझड़िया ने बताया कि अस्पताल के गेट के सामने कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने अस्पताल के गेट पर जाम लगाकर आवागमन में बाधा पैदा की। न तो मरीज अंदर आ-जा पा रहे थे और न ही एंबुलेंस और डॉक्टर्स भी अंदर आ-जा पा रहे थे। इसलिए उनको गेट पर से हटा दिया गया। कुछ लोगों को राउंड अप किया गया है।

# चूरू में सरकारी योजनाओं का लालच देकर खुलवाए अनेक खाते, 6 लोगों पर केस दर्ज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू में एक ऐसा गिरोह सक्रिय हैं। जो लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर उनके नाम पर फर्जी तरीके से बैंक खाता खुलवाता है। फिर इन बैंक खातों में ऑनलाइन गेमिंग, सट्टे की अवैध रकम का लेनदेन किया जाता है। कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में अभी छह नामजद व अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



पुलिस का दावा है कि जल्दी ही इस गिरोह का खुलासा कर दिया जाएगा। इस गिरोह के द्वारा सैकंडों लोगों के अवैध तरीके से बैंक खाते खुलवाए गए। जिनमें करोड़ों रुपए की अवैध रकम का लेनदेन करने का अनुमान है। कोतवाली थानाधिकारी सुखराम चोटिया ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में संजय कुमार सैनी, जावेद खान, गोपाल स्वामी, करण सैनी, किशोर सैनी, अयान उर्फ जजान व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। यह काला कारोबार चूरू और जयपुर से संचालित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि कोतवाली थाने के हैड कॉन्स्टेबल सुभाषचंद्र को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सरकारी योजनाओं का लाभ देने का झांसा देकर सैकड़ों लोगों के बैंक खाता खुलवाए गए हैं। फर्जी तरीके से खुलवाए गए इन बैंक खाता में रुपयों का अवैध लेन देन होता है। इस सूचना के बाद जब पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच पड़ताल की तो सामने आया कि लोगों के नाम पर नये सिम कार्ड जारी करवा कर उनके खाते खुलवा दिए। इस गिरोह की ओर से उनके बैंक खाता संचालन के सम्पूर्ण अधिकार इन्टरनेट बैंकिग, यूपीआई एक्सेस, एटीएम कार्ड, आदि प्राप्त किए गए। पुलिस जांच में सामने आया कि संजय कुमार सैनी ने इन अवैध गतिविधियों का संचालन के लिए नया बास के जावेद खान, छापर के गोपाल स्वामी, करण सैनी, अगुणा मोहल्ला के किशोर सैनी, लोहिया कॉलेज के पीछे निवासी अयान उर्फ जजान उर्फ मोनू दुलेखानी और अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अवैध कारोबार संचालित कर रहा है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।